RNI/MPHIN/58453/2014

दैनिक हैलो हैलो

वर्ष-12, अंक-68
इन्दौर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026
पृष्ठ-8, मूल्य-3 रुपए

# भावांतर भुगतान योजना किसानों की तपोसाधना और समर्पण का सम्मान : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मौसम कोई भी हो, किसानों को हमेशा अपने खेत-खलिहान की ही चिंता रहती है। फसल अच्छी हो, तो पूरे साल की हरियाली... पर किसी वजह से कम पैदावार हो जाए, कीड़ा लग जाए, ओला-पाला से फसल खराब हो जाए, तो फिर पूरे साल का सूखा। अब ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। किसान हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें कोई भी परेशानी हो, कठिनाई हो, तो हमारी सरकार किसानों का संबल और इनकी ढाल बनकर हमेशा साथ खड़ी है। किसान हमारी संस्कृति का आधार हैं, हमारी धरोहर हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था के वास्तविक कर्णधार हैं। किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना, इनके खेत, खलिहानों और घरों में समृद्धि लाना ही हमारा एकमात्र ध्येय है। किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की समृद्धि है। सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए सरकार का प्रयास है। यह योजना किसानों के कठिन तप, साधना और समर्पण का सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में 'अन्नदाता सम्मान समारोह' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना की अंतिम किश्त के रूप में प्रदेश के 1 लाख 17 हजार किसानों के खातों में लगभग 200 करोड़ रूपए की भावांतर राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक 7 लाख 10 हजार से अधिक




किसानों को हमारी सरकार लगभग 1500 करोड़ रूपए की भावांतर राशि सोयाबीन उत्पादक किसानों को दे चुकी है। आज जिन किसानों को भावांतर की राशि मिली है, उसमें मंदसौर?जिले के किसान भी शामिल हैं। मंदसौर जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को लगभग 43 करोड़ रूपए की भावांतर राशि मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भावांतर योजना में मंदसौर जिले के 5 किसान श्री रघुवीर सिंह को 95 हजार रूपए, श्री मुकेश पाटीदार को 73 हजार रूपए, श्री ओमकार सिंह को 64 हजार रूपए सहित श्री रामदयाल और श्री जगदीशचंद्र पाटीदार को भी भावांतर राशि के चेक भी सौंपे।

### शौर्य को मिला सम्मान - स्व. मनोहर सिंह चौहान के पुत्र को दिया शासकीय सेवा का नियुक्ति पत्र

मल्हारगढ़ सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का एक बेहद संवेदनशील पक्ष भी सामने आया। मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ में हुई एक दुर्घटना में जान की बाजी लगाकर 4 लोगों की जिन्दगी बचाने वाले स्व. मनोहर सिंह चौहान के पुत्र श्री संजय सिंह को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह शौर्य का सम्मान है। मल्हारगढ़ के पास हुई एक दुर्घटना में एक कार को पानी में डूबते देखकर अपनी जान की परवाह न करते हुए श्री मनोहर सिंह तत्काल पानी में कूदे। कार में मौजूद 4 जिंदगियां तो बचा लीं, पर खुद की जान न बचा सके। ऐसी वीरता को सम्मानित करना हमारा फर्ज है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. मनोहर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र श्री संजय सिंह को विशेष प्रकरण के तहत पुलिस आरक्षक (जीडी) के पद पर सीधा नियुक्ति-पत्र (अनुकम्पा के रूप में) दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानवता प्रदर्शित करने वाला हर नागरिक सम्मान का अधिकारी है। हम सबमें दूसरों की जिंदगी बचाने का करूणा भाव होना ही चाहिए।

# चांदी ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड, भाव 4 लाख के पार, सोना 1.76 लाख प्रति 10 ग्राम रुपया और चांदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी के वायदा भाव में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। दोनों कीमती धातुओं ने नए रिकॉर्ड कायम करते हुए ऑल टाइम हाई स्तर छू लिए। घरेलू बाजार में सोना 1.71 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है, जबकि चांदी चार लाख रुपये प्रति किलो के ऐतिहासिक स्तर पर कारोबार कर रही है। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी वायदा कॉन्ट्रेक्ट 3,967 रुपये की तेजी के साथ 1,69,882 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,65,915 रुपये था। कारोबार के दौरान सोने में तेज उछाल देखने को



मिला और यह 8,563 रुपये की मजबूती के साथ 1,75,655 रुपये के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दिन के दौरान सोने ने 1,76,990 रुपये का सर्वोच्च स्तर छूकर नया रिकॉर्ड बना लिया, जबकि इसका निचला स्तर 1,68,000 रुपये रहा। चांदी के वायदा भाव में भी जोरदार तेजी दर्ज की गई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 8,542 रुपये की बढ़त के साथ 3,99,000 रुपये प्रति किलो पर खुला।

पिछले सत्र में इसका बंद भाव 3,85,366 रुपये था। इस समय चांदी 19,245 रुपये की तेजी के साथ 4,04,611 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रही थी। दिन के दौरान इसने 4,07,456 रुपये प्रति किलो का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया, जबकि निचला स्तर 3,95,001 रुपये रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी रिकॉर्ड तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना पहली बार 5,500 डॉलर प्रति औंस के पार निकल गया।

### रुपया डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 92.00 पर

रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 92.00 पर पहुंच गया। डॉलर की स्थिर मांग और वैश्विक स्तर पर सतर्कता के माहौल से घरेलू मुद्रा दबाव में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि बढ़ती भूराजनीतिक अनिश्चितता ने जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया जिससे उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.95 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद महीने के अंत में डॉलर की बढ़ती मांग के बीच डॉलर के मुकाबले 92 पर लुढ़क गया जो अपने पिछले बंद भाव से एक पैसा कम है। रुपया बुधवार को 31 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 91.99 पर पहुंच गया था। इससे पहले रुपया 23 जनवरी को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 92 पर पहुंचा था।

# झारखंड नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर इस बार चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। कई सालों बाद चुनाव में पुरानी व्यवस्था की वापसी हो रही है। इस बार मतदान ईवीएम से नहीं, बल्कि बैलेट पेपर से कराए जाएंगे। इस बदलाव से न सिर्फ मतदान प्रक्रिया बदलेगी, बल्कि चुनाव परिणाम आने में भी समय लगेगा। चुनाव नतीजों के लिए करीब 72 घंटे तक इंतजार करना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईवीएम से होने वाले चुनावों में जहां मतगणना कुछ ही घंटों में पूरी हो जाती थी, वहीं बैलेट पेपर से मतदान होने से करीब 72 घंटे लग सकते हैं। इससे उम्मीदवारों और समर्थकों की बेचैनी भी बढ़ेगी। इससे पहले 2008 में नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराए गए थे। उस समय मतगणना पूरी होने में करीब तीन दिन का समय लगा था। 2008 के बाद चुनाव प्रक्रिया को आसान और तेज



बनाने के लिए नगर निकाय चुनावों में ईवीएम को शामिल किया गया था। इसके बाद हुए दो चुनाव ईवीएम से कराए गए, जिससे मतदान और मतगणना दोनों ही तेजी से पूरी हुई, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने करीब 18 साल पुरानी बैलेट पेपर प्रणाली को दोबारा लागू करने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक बैलेट पेपर प्रणाली के तहत मतदाताओं को इस बार एक ही बैलेट बॉक्स में दो अलग-अलग बैलेट पेपर डालने होंगे। एक बैलेट पेपर महापौर पद के लिए तो दूसरा पार्षद के लिए होगा। ऐसे में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को ज्यादा सतर्क रहना होगा।

**'इस्तीफा' या रणनीति?**

# जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत सिंह का त्यागपत्र बना रहस्य

**लखनऊ/अयोध्या (एजेंसी)।**

अयोध्या में तैनात जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह द्वारा सार्वजनिक रूप से इस्तीफा देने की घोषणा के बावजूद, अब तक उनका त्यागपत्र न तो उत्तर प्रदेश शासन को प्राप्त हुआ है और न ही राज्य कर आयुक्त कार्यालय में इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि हो सकी है। इस स्थिति ने प्रशासनिक हलकों में असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है और पूरे घटनाक्रम को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, विभागीय अधिकारी स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि जब तक लिखित रूप में विधिवत इस्तीफा प्राप्त नहीं होता, तब तक किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या अनुशासनात्मक कार्रवाई पर निर्णय नहीं लिया जा सकता। ऐसे में सार्वजनिक मंच से किए गए इस्तीफे के ऐलान को केवल एक बयान माना जा रहा है, न



कि औपचारिक त्यागपत्र। गौरतलब है कि प्रशांत कुमार सिंह ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में भावनात्मक बयान देते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। इस ऐलान ने न सिर्फ प्रशासनिक बल्कि राजनीतिक हलकों में भी हलचल मचा दी थी। हालांकि, उसी दिन देर रात उनके सगे भाई डॉ. विश्वजीत सिंह ने उन पर फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के सहारे सरकारी नौकरी पाने का गंभीर आरोप लगा दिया, जिससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया।

# संपादकीय

## अजित पवार के निधन से बदलेंगे राजनीतिक समीकरण?

*महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर उस चौराहे पर आकर खड़ी हो गई है, जहां से सियासी जोड़-तोड़ वाले गठबंधन के साथ ही जीत-हार के अलग-अलग रास्ते नजर आ रहे हैं। दरअसल उप मुख्यमंत्री अजित पवार का एक विमान हादसे में आकस्मिक निधन न केवल एक प्रभावशाली नेता के एक युगा का अंत है, बल्कि इसके दूरगामी राजनीतिक प्रभाव भी दिखाई देने लगे हैं। 66 वर्षीय अजित पवार का यूं अचानक चले जाना उस समय हुआ है, जब महाराष्ट्र की राजनीति पहले से ही अस्थिर समीकरणों, टूटे गठबंधनों और बदले हुए सत्ता संतुलन से गुजर रही थी। वैसे तो अजित पवार का राजनीतिक जीवन जितना लंबा और प्रभावशाली नजर आता है, उतना ही विवादों और टकरावों से भरा भी रहा। जुलाई 2023 में उन्होंने अपने चाचा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार के खिलाफ बगावत कर महाराष्ट्र की राजनीति को झकझोर दिया था। आठ अन्य विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होकर उन्होंने न केवल एनसीपी को दो हिस्सों में बांट दिया, बल्कि पवार परिवार की राजनीति में भी गहरी दरार डाल दी थी। यह फैसला शरद पवार के लिए राजनीतिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बड़ा झटका माना गया था। तब अजित पवार का तर्क था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और महाराष्ट्र की प्रगति के लिए भाजपा के साथ जाना जरूरी है। लेकिन शरद पवार ने इसे सत्ता का दुरुपयोग बताते हुए जनता के बीच जाने का रास्ता चुना। 2023 के बाद से दोनों चाचाभतीजे अलग-अलग राजनीतिक राहों पर चल पड़े। 2024 के लोकसभा चुनावों में अजित पवार की एनसीपी कमजोर साबित हुई, लेकिन उसी वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में उन्होंने 41 सीटें जीतकर खुद को एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर लिया। इसके उलट शरद पवार की एनसीपी (एसपी) केवल 10 सीटों पर सिमट गई। अजित पवार का निधन ऐसे समय हुआ है, जब वे एक बार फिर पूरी पार्टी की कमान संभाले हुए थे और जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों के लिए प्रचार में जुटे थे।*

## आज का राशिफल



शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, माघ शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रास्त पूर्वे तिथी द्वादशी, शुक्रवासरे, आद्रा नक्षत्रे, वैश्य योगे, वालव करणे, मिथुन की चंद्रमा, प्रदोष 13 व्रत, तिल द्वादशी सर्वार्थ सिद्ध योग 41/17 धान्य छेदन तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होगी7

आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग बुद्धिमान, जिद्दी, हठी, शिक्षक, लेखक, कवि तथा दूध की डेरी वाला, माइनिंग वाला, सोना चांदी का व्यापारी, उत्तम वृत्ति वाला, किसान तथा किराना कपड़ा व्यापारी, जरकिन डायमंड का व्यापारी नौकरी वाला होगा।

मेष राशि :- कार्यकुशलता से संतोष तथा मनोबल उत्साह वर्धक अवश्य बना ही रहेगा।

वृष राशि :- स्वभाव में खिन्नता होने से हीन भावना से बचिएगा, अव्यवस्था कार्य मंद होगा।

मिथुन राशि :- अशांति तथा विषमता से बचिए तथा झगड़ा होने की संभावना बनेगी, ध्यान रखे।

कर्क राशि :- स्त्री वर्ग से भोग ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, रुके कार्य अवश्य ही बनेंगे।

सिंह राशि :- आलोचनाओं से बचिए कार्यकुशलता से संतोष होगा।

कन्या राशि :- धीमी गति से सुधार अपेक्षित है, तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

तुला राशि :- स्त्रीवर्ग से हर्ष, उल्लास, गुप्त शत्रुओं से चिन्ता तथा कुटुम्ब को समस्या बनें।

वृश्चिक राशि :- योजना फलीभूत हो तथा इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे।

धनु राशि :- कुटुम्ब की समस्या कष्टप्रद हो तथा व्यर्थ धन का व्यय अवश्य होगा।

मकर राशि :- कुटुम्ब में सुख, मान, प्रतिष्ठा बढ़े, बड़े-बड़े लीगों से मेल मिलाप होगा।

कुंभ राशि :- भाग्य का सितारा प्रबल, दैनिक गति मंद तथा बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे।

मीन राशि :- कार्य व्यवसाय में अनुकूलता बनेगी, समृद्धि के साधन अवश्य जुटाएंगे, ध्यान रखें।

# गांधी जी के किस्से, जो मनुष्य को बनाते हैं बेहतर इंसान



आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि है, जिनकी 30 जनवरी 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि को प्रतिवर्ष 'बलिदान दिवस' के रुप में मनाया जाता है। पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले गांधी जी पहले ऐसे इंसान थे, जिनके सम्पूर्ण जीवन ने विश्वभर में अनेक लोगों की जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के साथ साधनों की पवित्रता जैसी जीवनोपयोगी व्यावहारिक बातों की ओर समूची दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। उनकी जिंदगी पर कई फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बन चुकी हैं तथा कई किताबें भी लिखी गई हैं। सही मायनों में गांधी जी के आदर्शों और सिद्धांतों की वजह से वे आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में बसते हैं। उनका कहना था कि स्वयं वो बदलाव बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में 'अधभूखे राष्ट्र के पास न कोई धर्म, न कोई कला और न ही कोई संगठन हो सकता है और काम की अधिकता नहीं बल्कि अनियमितता आदमी को मार डालती है।' अहिंसा को एक विज्ञान बताते हुए गांधी जी का कहना था कि विज्ञान के शब्दकोश में 'असफलता' का कोई स्थान नहीं और उस आस्था का कोई मूल्य नहीं, जिसे आचरण में न लाया जा सके। उनका कहना था कि रामायण का पाठ करते रहना व्यर्थ है, यदि आप राम जैसा आचरण नहीं करते।

महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के अनेक किस्से प्रचलित हैं, जिनसे उनके महान् व्यक्तित्व की स्पष्ट झलक मिलती है। ऐसी ही एक घटना दक्षिण अफ्रीका की है। एक प्रसिद्ध व्यापारी रूस्तम जी गांधी जी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जी की सलाह के अनुसार ही किया करते थे। कलकत्ता और बम्बई से तब उनका काफी सामान आता था, जिस पर वे चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने यह बात सदैव गांधी जी से छिपाए रखी। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा उनकी यह चोरी पकड़ ली गई और उनके जेल जाने की नौबत आ गई। वे दौड़े-दौड़े गांधी जी के पास पहुंचे और पूरा वृतांत उन्हें सुना डाला। गांधी जी ने उनकी पूरी बात गौर से सुनने के बाद उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वयं स्वीकार कर लो, फिर भले ही इससे तुम्हें जेल क्यों न हो जाए। गांधी जी की सलाह मानकर रूस्तम जी तुरंत चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकार कर लिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से प्रसन्न हुए और उन्होंने उन पर मुकद्मा चलाने का विचार त्यागकर उनसे चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया।

गांधी जी एक बार चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, 'यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।' गांधी जी किसान को बिना कुछ कहे चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, 'धन-धन गांधी जी महाराज! दुःखियों का दुःख मिटाने वाले गांधी जी ...।' रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया।

एक घटना उस समय की है, जब गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा कि इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके। अहिंसा के पुजारी गांधी जी सदैव कहा करते थे कि अपनी बुराई हमेशा सुनें, अपनी तारीफ कभी न सुनें। दरअसल उनका मानना था कि इंसान को अपनी तारीफ से ज्यादा बुराई सुननी चाहिए। गांधी जी का मानना था कि मनुष्य जब एक नियम तोड़ता है तो बाकी अपने आप टूट जाते हैं। वह अक्सर कहा करते थे कि जिस दिन प्रेम की शक्ति, शक्ति के प्रति प्रेम पर हावी हो जाएगी, दुनिया में अमन आ जाएगा। गांधी जी के तीन बंदरों का संदेश 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो' आज भी प्रेरणा का स्रोत है। यह उनकी विचारधारा का प्रतीक है कि जीवन में हमें केवल सकारात्मकता को आत्मसात करना चाहिए।

# हिंसा के दौर में गांधी के सिद्धांतों की प्रासंगिकता



2 अक्तूबर 1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी का आज 78वां बलिदान दिवस है, जिनकी 30 जनवरी 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया था। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखी, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं क्योंकि उनके ये अनुभव, उनके विचार आज भी उतने ही सार्थक हैं, जितने उस दौर में थे। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा, जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा, चरखा, जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया।

गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था।

महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, 'आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?' इस पर बापू ने जवाब दिया, 'आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?' जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आन्दोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आन्दोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से इन्कार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गांधी जी ने आन्दोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आन्दोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया आन्दोलन ही था।

# नर्मदानंद बापजी की तृतीय पैदल मां नर्मदा प्रदक्षिणा सेवा यात्रा समापन ओंकारेश्वर में हुआ

**धार।**

राष्ट्र समर्पित माँ नर्मदा की पावन परिक्रमा के संकल्प के साथ नर्मदा प्रदक्षिणा (तृतीय पदयात्रा) का शुभारंभ दिनांक 5 अक्टूबर 2025, आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को ओंकारेश्वर से किया गया था यह यात्रा पूर्णत: पैदल हुई, जिसकी कुल दूरी लगभग 3000 किलोमीटर थी।

## राष्ट्र समर्पित यात्रा को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स मिला स्थान





यात्रा का प्रारंभ ओंकारेश्वर (दक्षिण तद) से होकर खंभात की खाड़ी तक कि गई इसके पश्चात समुद्र पार कर गुजरात के दहेज (उत्तर तट) से यात्रा आगे बढ़ते हुए माँ नर्मदा के उदम स्थल अमरकंटक पहुंची, जहां से पुनः यात्रा श्री श्री नजर निहाल आश्रम ओंकारेश्वर में 27 जनवरी को संपन्न हुई।

पदयात्रा श्री श्री 1008 अवधूत पूज्य नर्मदानंद बापजी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुई, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र, धर्म और मानवता के कल्याण हेतु समर्पित किया है। पूज्य बापजी द्वारा पूर्व में वर्ष 2001 एवं 2014 में नंगे पैर नर्मदा परिक्रमा पूर्ण की जा चुकी है, वहीं 2011 से 2025 के मध्य 7 बार वाहन द्वारा नर्मदा परिक्रमा की गई। इसके अतिरिक्त आपने लगभग 12,000 किलोमीटर की राष्ट्रधर्म विजय पदयात्रा कर द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करते हुए राष्ट्र जागरण का संदेश दिया। पूज्य बापजी द्वारा वर्ष 2006 से 2025 के बीच संपूर्ण भारतवर्ष में महारुद्र यज्ञ, अतिरुद्र यज्ञ, शतचंडी, सहस्त्रचंडी, महाविष्णु यज्ञ एवं लक्ष्मी-नारायण यज्ञ सहित अनेक आध्यात्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य जीव, समाज और राष्ट्र का कल्याण रहा है।

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा हुए सम्मानित

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस के प्रतिनिधि द्वारा इस अवसर पर अतिथियों के बीच पूज्य नर्मदानंद बापजी महाराज महाराज को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा नर्मदा प्रदक्षिणा का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न होकर राष्ट्र जागरण, युवाओं को भारतीय मूल संस्कृति से जोड़ना, माँ नर्मदा का संरक्षण, स्वच्छत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण तथा गौ माता के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। पूज्य बापजी का संदेश है कि जीवन में कम से कम एक बार माँ नर्मदा की परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए, क्योंकि यह ईश्वर की विशेष कृपा से ही संभव होती है। सम्मापन अवसर पर महामंडलेश्वर उत्मम स्वामीजी महाराज मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं मंत्री इंदर सिंह परमार तथा पूर्व मंत्री कमल पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल, बड़वाह विधायक सचिन बिरला प्रदीप पांडेय अनेक संत एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उक्त जानकारी पं संजय शर्मा ने दी।






# ग्राहक पंचायत ने नर्सिंग कॉलेज में फूड सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम किया

**धार।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा गुरुवार, 29 जनवरी 2026 को शहर के धार नर्सिंग कॉलेज परिसर में फूड सेफ्टी को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खाद्य विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री के उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को दूध, तेल, मसाले, मिठाई सहित अन्य घरेलू खाद्य उत्पादों में होने वाली मिलावट की पहचान के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सरल एवं व्यावहारिक घरेलू परीक्षण विधियों के माध्यम से यह बताया कि आम नागरिक भी अपने घर पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की पहचान किस प्रकार कर सकता है। साथ ही मिलावट पाए जाने की स्थिति में खाद्य सुरक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और उपभोक्ताओं के अधिकारों की जानकारी भी दी गई।इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संयोजक महेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि खाद्य सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सजग उपभोक्ता बनकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। वहीं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सचिन लोंगरिया ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम एवं विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से मिलावट के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दीपक पटानी, जितेन ठाकुर, राम गोपाल मोउटा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन की ओर से बी.एस. चंद्रावत एवं प्राचार्य लीना रॉबर्ट ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की ओर से प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं को रखा। वही विद्यार्थियों को चलित खाद्य प्रयोगशाला का अवलोकन कराकर मिलावट की पहचान में चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा की जाने वाली जांचों से अवगत कराया गया ।अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, कॉलेज प्रबंधन एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से

**धार ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। पंजीयन जिले में जिला उपार्जन समिति द्वारा निर्धारित पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से समस्त कार्य दिवसों में किया जाएगा। किसान स्वयं के मोबाइल से एमपी किसान एप के माध्यम से निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अधिकृत एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क राशि 50 रुपये का भुगतान कर पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन केंद्र पर पंजीयन हेतु किसान निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, एनपीसीआई से लिंक बैंक खाता संख्या, समग्र आईडी, भूमि के खसरे की नकल आदि आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर उपस्थित हों तथा पंजीयन उपरांत मिलान अवश्य कर लें। वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल उन्हीं प्रकरणों में मान्य होगा, जिनमें वन पट्टा सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 के पूर्व का हो। ऐसे किसानों का पंजीयन संबंधित समितियों के अंतर्गत स्थित पंजीयन केन्द्रों पर ही किया जाएगा। मृत कृषक जिनकी भूमि का नामांतरण लंबित है, ट्रस्ट एवं धार्मिक संस्थानों की भूमि, शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृद्ध कृषक जिनका बायोमेट्रिक सत्यापन संभव नहीं है तथा जिनके आधार डाटाबेस में मोबाइल नंबर अद्यतन नहीं हो पा रहा है, ऐसे कृषकों का पंजीयन जिला आपूर्ति अधिकारी, कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) धार में किया जाएगा। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त गेहूं उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर उपस्थित होकर शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन कराएं।

# जी रामजी योजना को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने गांव में चौपाल लगाकर जानकारी दी

**धार।** विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधायक 2025 के VB- G RAM G विषय पर जन जागरण को लेकर धार समीप ग्राम तुर्क बगड़ी में बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर व भाजपा जिलाध्यक्ष महंत नीलेश भारती ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणो को जानकारी दी। इस दौरान जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने टोली जिला संयोजक प्रेमचंद परमार सह संयोजक कपिल निनामा एवं रविंद्र पाटीदार मंडल अध्यक्ष जीवन पटेल , भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मौजूद रहे।



सावित्री ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत बनाने की गारंटी है जी रामजी योजना। यह अधिनियम विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जो मनरेगा की जगह लेगा और ग्रामीण विकास को गति देगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगाएगी तथा प्रधानमंत्री मोदीजी इस योजना के माध्यम से गांव में सर्वांगीण विकास होगा। यह योजना ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके तहत टिकाऊ संपत्ति निर्माण, आजीविका बढ़ाने वाली संपत्तियाँ, आपदा-प्रतिरोधी संरचनाएँ तथा विकास-केंद्रित आधुनिक निर्माण कार्य प्राथमिकता पर किए जाएंगे। ग्रामीण परिवारों को अकुशल शारीरिक श्रम के माध्यम से रोजगार प्रदान करना भी इसकी महत्वपूर्ण विशेषता है।

महंत नीलेश भारती ने कहा कि इस योजना में कार्यदिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, जिससे ग्रामीणों को अतिरिक्त रोजगार और स्थिर आय सुनिश्चित होगी। ड्ढक्क् त क्क्रू त का लक्ष्य विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। विधेयक भ्रष्टाचार मुक्त एवं बहुआयामी है। इस विधेयक से ग्रामों का समग्र विकास होगा, जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक होगा। विकसित भारत जी राम जी योजना से समस्त ग्राम ंचायत स्वावलंबी एवं सामर्थ्यवान होंगी। इस अवसर पर चौपाल कार्यक्रम में किसान मोर्चा से मिठ्ठु लाल चावड़ा तुर्क बगड़ी सरपंच सहित बड़ी संख्या में माताएँ-बहनें, बच्चे व ग्रामवासी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# हरे-भरे पेड़ों पर चली जेसीबी, बिना अनुमति कटाई पर पटवारी ने बनाया पंचनामा

## 10-11 साल पुराने कल्पवृक्ष और मधुकामिनी जैसे पौधों को जड़ से उखाड़ने का मामला, ग्रामीणों ने वीडियो साक्ष्य के साथ की कार्रवाई की मांग

**शाजापुर।** जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर बसे ग्राम मोहन बड़ोदिया स्थित भक्तराज पुष्प वाटिका मंदिर परिसर में पर्यावरण नियमों की अनदेखी और प्रशासनिक अनुमति के बिना बेशकीमती पेड़ों की कटाई का मामला गरमा गया है। बीते दिनों मंदिर परिसर में जेसीबी मशीन द्वारा हरे-भरे पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों और हल्का पटवारी ने मौके का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया।



वहीं ग्रामीणों ने नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए पर्यावरण के दुश्मनों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### जेसीबी से उखाड़े गए वर्षों पुराने पेड़

ग्रामीणों के अनुसार नलखेड़ा रोड़ स्थित मंदिर परिसर में वर्षों पुराने मधुकामिनी, कल्पवृक्ष और कनेर जैसे महत्वपूर्ण पेड़ों को जेसीबी की मदद से उखाड़ दिया गया। इन पेड़ों की उम्र लगभग 10 से 11 वर्ष बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके मौके पर पहुंचने तक जेसीबी मशीन के माध्यम से इन पेड़ों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया था।

### न बैठक हुई, न अनुमति ली गई

ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इतने पुराने और धार्मिक महत्व रखने वाले पेड़ों को हटाने के लिए समिति ने न तो कोई औपचारिक बैठक बुलाई और न ही किसी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से इसकी अनुमति लेना उचित समझा। बिना किसी पूर्व सूचना के की गई इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में रोष है।

### पंचनामा तैयार, वीडियो साक्ष्य भी मौजूद

घटना की गंभीरता को देखते हुए पटवारी और ग्रामीणों ने मौके पर ही पंचनामा तैयार कर लिया। ग्रामीणों का दावा है कि उनके पास इस पूरी घटना का वीडियो भी उपलब्ध है, जो स्पष्ट रूप से नियमों के उल्लंघन की पुष्टि करता है। इस वीडियो साक्ष्य और पंचनामें को उच्च अधिकारियों को सौंपकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

---

# वीर तेजाजी महाराज के 952वें जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु

**शाजापुर।** जाट समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान श्री सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज का 952वां जन्मोत्सव गुरुवार को हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर समाज द्वारा एक विशाल और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और समाज के वरिष्ठजन शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ लोंदिया रोड स्थित ज्योति नगर के वीर तेजाजी मंदिर से हुआ।

यात्रा में आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवान वीर तेजाजी महाराज एक विशेष रूप से सजाए गए रथ पर विराजमान थे। रथ के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल चल रहे थे और भगवान के



जयकारे लगा रहे थे।

### ट्रैक्टरों और वाहनों का रहा लंबा काफिला

समारोह की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यात्रा में सबसे आगे ट्रैक्टरों पर सवार होकर समाज के लोग चल रहे थे। इसके अलावा, चार पहिया वाहनों का एक लंबा काफिला भी शोभायात्रा का हिस्सा बना। डीजे और ढोल की थाप पर समाज के युवा उत्साह के साथ नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरा माहौल धर्ममय हो गया। यह चल समारोह ज्योति नगर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, नई सड़क, बड़ा चौक, मीराकला बाजार और बादशाहपुल होते हुए मुरादपुरा स्थित मंदिर पहुंची, जहां महाआरती के साथ इसका समापन हुआ।

# शाजापुर में चोरों का धावा, एक ही रात में दो घरों के ताले टूटे, नकदी सहित लाखों के जेवर ले उड़े बदमाश

**शाजापुर।** दो गांवों के सूने घरों को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने लाखों रूपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार पहली घटना बेरछा थाना क्षेत्र के ग्राम दैंदला की है। फरियादी धर्मेंद्र पाटीदार 35 ने पुलिस को बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ दिया औरघर में रखे 60 हजार रुपये नकद ले गए, जो उन्होंने भैंस बेचकर जमा किए थे। इसके अलावा चोरों ने उनकी मां का करीब दो तोला वजनी सोने का हार, 200 ग्राम चांदी की पायजेब और एक जोड़ी चांदी की पैर पट्टी भी चुरा ली।दूसरी वारदात सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम बुमतलाई में हुई। यहां फरियादिया रीना बाई 45 पत्नी संदीप पुरी ने शिकायत दर्ज कराई कि चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर अलमारी में रखा दो तोले का सोने का हार, आधा किलो पुराने चांदी के टंके और चांदी की पुरानी पायजेब लेकर रफूचक्कर हो गए। दोनों ही घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास के सुरागों और संदिग्धों के आधार पर जांच कर रही है।

# चरित्र शंका में पत्नी की हत्या, 5 वर्षीय बेटे की गवाही से पिता को मिली उम्रकैद

**शाजापुर।** जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गुरुवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 2000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और मासूम बेटे की गवाही ने आरोपी को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार घटना 23 जून 2024 की है। दुपाड़ा निवासी आरोपी टीपू उर्फ शहरयार 33 वर्ष अपनी पत्नी रुखसार के चरित्र पर संदेह करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। घटना वाली रात चरित्र शंका के चलते आरोपी ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। सुबह करीब 5 बजे सूचनाकर्ता नौशाद खां ने पुलिस चौकी दुपाड़ा को सूचना दी कि टीपू ने अपनी पत्नी पर हमला किया है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो रुखसार मृत अवस्था में मिलीं और आरोपी वहां से फरार हो चुका था।

### मासूम बेटे ने खोला राज

इस हत्याकांड की जांच में सबसे अहम मोड़ तब आया जब मृतिका के 5 वर्षीय बेटे ने पुलिस को बयान दिया। बच्चे ने बताया कि रात में उसने अपने पिता को मां के पेट में चाकू मारते हुए देखा था। पुलिस विवेचना में भी यह स्पष्ट हुआ कि हत्या की मुख्य वजह चरित्र शंका और आए दिन होने वाली मारपीट थी। पुलिस ने जांच पूरी कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के तर्कों और साक्ष्यों को सही पाया। न्यायालय ने आरोपी टीपू उर्फ शहरयार को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।फोटो- 28एसजेआर01- जेकी श्राफ ने बाइक गिफ्ट की।

---

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन, छात्राओं को बांटे गए प्रमाण पत्र

**शाजापुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित ब्यूटी पार्लर के अल्पकालीन प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन समारोह आयोजित किया गया।



इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विपुल कसेरा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आर.सी. चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कसेरा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों को अकादमिक अध्ययन के साथ-साथ कौशल विकास संबंधी पाठ्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि बदलते दौर में सजग रहते हुए मोबाइल और इंटरनेट जैसे साधनों का उपयोग अपनी शिक्षा और करियर को संवारने में करें। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीणा ने अपनी अध्यक्षता में कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण छात्राओं में आत्मनिर्भरता का भाव जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि छात्राएं न केवल स्वयं को संवारना सीखती हैं, बल्कि अपने परिवार की महिलाओं को भी यह हुनर सिखा सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण में भाग लेने वाली छात्रा कु. पायल सोनगरा और प्रिया सोनगरा ने अपने अनुभव साझा किए। प्रशिक्षक बबीता बोस ने शिविर के दौरान सिखाई गई विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। साथ ही सभी प्रतिभागी छात्राओं को म.प्र. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुस्तिका का वितरण भी किया गया।

# सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवन रक्षा का विज्ञान– कुरैशी

**नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय, नेपानगर में राष्ट्रीय सेवा योजना(एन एसएस) के अंतर्गत बुधवार को आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में नेपानगर यातायात प्रभारी व थाना एसआई शहाबुद्दीन कुरैशी अथवा शुभम पटेल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारियां देकर जागरूक किया। इसी के साथ शासन द्वारा संचालित पिंक योजनान्तर्गत ड्राइविंग लाइसेंस(चालक अनुज्ञप्ति) प्राप्त करने की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआई कुरैशी ने बताया कि वाहन की गति जितनी अधिक होती है, दुर्घटना के समय प्रभाव उतना ही घातक होता है। 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर टक्कर लगने पर शरीर पर पड़ने वाला दबाव कई गुना बढ़ जाता है, जिसे हेलमेट और सीट बेल्ट काफी हद तक कम कर सकते हैं।



**हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व पर जोर**– उन्होंने बताया कि आईएसआई मार्क वाला हेलमेट, सही तरीके से लॉक किया गया हो तभी प्रभावी सुरक्षा देता है। केवल सिर पर रखने से दुर्घटना के समय हेलमेट निकल जाता है, जिससे जान का खतरा बना रहता है। एसआई कुरैशी ने छात्रों को ब्रेकिंग डिस्टेंस की जानकारी देते हुए समझाया कि बारिश के मौसम में सड़क पर फिसलन बढ़ जाती है, जिससे वाहन को रोकने की दूरी सामान्य से दोगुनी हो जाती है। ऐसे में तेज गति दुर्घटना का प्रमुख कारण बनती है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को सलाह दी कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें,ओवरटेक हमेशा दाईं ओर से करें,मोड़ पर हॉर्न और इंडिकेटर का अनिवार्य रूप से उपयोग करें,रात के समय रिफ्लेक्टर व हेडलाइट सही स्थिति में रखें।

**सड़क सुरक्षा को बताया जीवन रक्षा का आधार**– शुभम पटेल ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि वाहन चलाने की वैधानिक योग्यता का प्रमाण है। बिना लाइसेंस वाहन चलाने से न केवल चालान बल्कि दुर्घटना की स्थिति में बीमा क्लेम भी प्रभावित हो सकता है। कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री शासन की पिंक योजना के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन, लर्नर लाइसेंस टेस्ट, बायोमेट्रिक प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की तकनीकी जानकारी भी छात्रों को दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सड़क पर स्वयं अनुशासित रहें, क्योंकि युवाओं की सजगता ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकती है।

**150 से अधिक छात्रों ने ली भागीदारी**– कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. मनीषा साकले के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मयाराम चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित 150 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी जागरूकता सत्र आयोजित करने की मांग की।

# प्रभातचन्द्र-ज्योति झंवर ने विवाह वर्षगांठ पर की देहदान की घोषणा

## सक्षम ,लायन्स, नेत्रदान देहदान समिति का 165वां देहदान पंजीकरण

**खण्डवा।** लोकमान्य तिलक वार्ड माधव नगर के झंवर दम्पति प्रभातचन्द्र झंवर व श्रीमती ज्योति झंवर ने अपनी विवाह वर्षगांठ पर देहदान की घोषणा कर अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मानव जीवन की सार्थकता केवल जीने में नहीं, बल्कि मृत्यु के बाद भी समाज के काम आने में है–इस विचार को चरितार्थ करते हुए झंवर दम्पत्ति ने मरणोपरांत देहदान की घोषणा कर समाज के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।



सक्षम संस्था, लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा की नेत्रदान-देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जनजागरण अभियानों का सकारात्मक परिणाम अब समाज में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में झंवर दम्पत्ति ने पुत्र शिवम व परिवारजनों की सहमति युक्त देहदान घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर समिति को सौंपा। यह समिति द्वारा भरा गया 165 वाँ देहदान घोषणा पत्र है। सक्षम खण्डवा के अध्यक्ष एवं समिति संयोजक नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घोषणा समाज में बढ़ती मानवीय चेतना का प्रमाण है। इस अवसर पर नेत्रदान-देहदान समिति के नारायण बाहेती, डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले,सुनील जैन,राजीव मालवीय, राजीव शर्मा, गांधी प्रसाद गदले,अनिल बाहेती, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, डॉ. राधेश्याम पटेल, घनश्याम वाधवा, लायन्स क्लब खण्डवा की अध्यक्ष आशा उपाध्याय, रणवीर सिंह चावला, चंचल गुप्ता सहित लायन्स क्लब खण्डवा, लियो क्लब खण्डवा, सक्षम संस्था एवं महर्षि दधीचि समिति के पदाधिकारियों का सहयोग रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि देहदान की घोषणा करते हुए झंवर दम्पत्ति ने भावुक शब्दों में कहा कि 'मृत्यु के बाद शरीर को जलाकर नष्ट करने से बेहतर है कि वह किसी के जीवन के काम आए। हमारे नेत्र किसी को दृष्टि दे सकते हैं और हमारी देह मेडिकल विद्यार्थियों को शिक्षा देकर समाज के लिए अच्छे चिकित्सक तैयार कर सकती है। समिति संयोजक नारायण बाहेती वह समिति सदस्यों के सहयोग एवं मार्गदर्शन में अब तक 20 देह मेडिकल कॉलेज खण्डवा को सुपुर्द की जा चुकी हैं तथा 520 दिवंगत व्यक्तियों के नेत्रदान सफलतापूर्वक कराए गए हैं।

## निमाड़ी बोली की मिठास लोक गीतों की आत्मा है– पिंकी राठौर



### अखिल निमाड़ लोक परिषद द्वारा आयोजित संक्रांति उत्सव कार्यक्रम संपन्न।

**खंडवा।** निमाड़ी सरल,सहज और मीठी बोली है। अन्य भाषा-भाषी निमाड़ी सीखने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। मैं भी लगातार निमाड़ी सीखने के लिए प्रयासरत हूँ। यह बात अखिल निमाड लोक परिषद द्वारा आयोजित संक्रांति उत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद समाजसेवी पिंकी राठौर ने कही। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि शर्मिष्ठा तोमर ने ग्रामीण परिवेश और निमाड़ी की परम्पराओं का उल्लेख किया,साथ ही उन्होंने घोषणा की अभिजीत वेलफेयर समिति की ओर से निमाड़ी गायन का एक बड़ा कार्यक्रम इस वर्ष आयोजित किया जायेगा। संरक्षक राजश्री शर्मा ने निमाड़ी की समृद्धि के लिए बहनों से निमाड़ी गद्य और पद्य दोनों में निरंतर लिखते रहने का आग्रह किया। आरंभ में माँ सरस्वती, माँ नर्मदा और प्रथम पूज्य गणेश की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ भारती पाराशर एवं मंगला चौरे द्वारा किया गया। ममता मोहे,मनोरमा तिवारी,मीरा व्यास,मीनू तोमर,सुषमा डोंगरे,शिव कन्या सिसोदिया ने निमाड़ी लोकगीत गायन प्रस्तुत किया। ढोलक पर संगत मनोज जोशी ने की।समवेत में साथ वेदांत सावनेर ने दिया। अन्नपूर्णा तंवर और रुक्मणि सावनेर ने लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। सुधा सोहनी की विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर उमा भाटे, माया राठौर,वन्दना जोशी,रंजू पगारे,रंजना जोशी,श्वेता शाह, ज्योति डोंगरे,साधना साध,मेधा मंडलोई,प्रियंवदा सोहनी,सोना चौहान एवं अन्य गणमान्य महिलाएं उपस्थित थीं। आयोजन का संचालन राजश्री शर्मा ने किया,आभार अध्यक्ष मीरा व्यास द्वारा माना गया।

# मेडिकल कॉलेज खंडवा के आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन तीन माह से अटका

## मंत्री, विधायक, महापौर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**खण्डवा।** नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सह-अस्पताल खण्डवा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन भुगतान नहीं होने से उपजी गंभीर आर्थिक परेशानी को लेकर परेशान है। समाजसेवी पूर्व रोगी कल्याण समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार को आनंद नगर स्थित मेडिकल कॉलेज कैंपस में प्रदेश के जनजातीय कार्य एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह, विधायक कंचन मुकेश तंनवे, एवं महापौर अमृता अमर यादव और कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है।



कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि बीते तीन माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है।

आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्ष 2018 से मेडिकल कॉलेज की स्थापना के समय से विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। नियमित स्टाफ की नियुक्ति नहीं होने की स्थिति में इन्हीं कर्मचारियों ने कॉलेज एवं अस्पताल की व्यवस्थाएं संभालीं। कोरोना काल (2020-22) के दौरान भी जोखिम भरे हालात में कर्मचारियों ने निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। कर्मचारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मल्टी टास्किंग पदों–जिनमें कंप्यूटर ऑपरेटर और मेंटेनेंस से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं–के लिए शासन स्तर पर वेतन मद निर्धारित नहीं होने के कारण नवंबर 2025 से भुगतान रोक दिया गया है। जबकि हाउसकीपिंग और सुरक्षा कर्मियों के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को वेतन मिल रहा है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार कॉलेज प्रशासन से चर्चा की गई। अधिष्ठाता द्वारा वरिष्ठ कार्यालय से संपर्क कर समाधान का आश्वासन दिया गया, जिसके चलते कर्मचारियों ने हड़ताल का निर्णय भी टाल दिया। बावजूद इसके अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि कर्मचारियों को छह माह का बोनस, 11 माह का एरियर्स और 12 माह का लीव वेजेस भी अब तक नहीं मिला है। कर्मचारियों ने मंत्री से मांग की है कि नवंबर 2025 से रोके गए वेतन का शीघ्र भुगतान कराया जाए तथा भविष्य में सेवा की निरंतरता और वेतन व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्णय लिया जाए। सुनील जैन ने बताया कि मंत्री कुंवर विजय शाह एवं जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों को आशवस्त किया कि आपकी बात मुख्यमंत्रीजी एवं उच्च अधिकारियों के समक्ष रखकर इस समस्या का निराकरण करवाएंगे।

# बड़वाह धामनोद रोड को लेकर व्यवसाय और नागरिको ने दिया ज्ञापन

## सुबह विधायक व शाम को एसडीएम को सौपा

बड़वाह-शासन ने बड़वाह-धामनोद फोरलेन राजमार्ग (एसएच -36) के निर्माण हेतु अधिसूचना जारी की है। शासन के निर्ण वीसीयानुसार बड़वाह नगर के जय स्तंभ से लेकर नेशनल हाईवे के अंडरपास तक सड़क के सेंटर से दोनों ओर 50-50 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। शासन के इस प्रस्ताव का बड़वाह नगर के व्यवसायियों और नागरिकों ने विरोध किया है। इस तारतम्य में बड़वाह नगर,ग्राम बफलगांव,ग्राम रतनपुर के निवासियों और व्यापारियों ने विधायक सचिन बिरला को एक सुबह व शाम को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) संयुक्त ज्ञापन सौपा।



ज्ञापन में कहा गया है कि बड़वाह का धामनोद रोड नगर का सर्वाधिक व्यस्ततम व्यापारिक मार्ग है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में दुकानें, व्यापारिक संस्थान,शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और आवासीय भवन स्थित हैं। इस मार्ग पर दोनों ओर 50-50 फीट जमीन का अधिग्रहण करने से बड़ी संख्या में दुकानें,व्यापारिक संस्थान और आवासीय भवन तोड़ना पड़ेंगे। इससे व्यापारियों और निवासियों को बड़े पैमाने पर हानि होगी और रोजगार पर अत्यंत विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

इसी प्रकार ग्राम बफलगांव एवं ग्राम रतनपुर के ग्रामवासियों ने नेशनल हाईवे के अंडरपास से लेकर धामनोद तक सड़क के दोनों ओर 100-100 फीट भूमि अधिग्रहण का विरोध किया है। ऐसा करने से सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानें,व्यापारिक संस्थान,शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवन टूटेंगे।

ग्रामवासियों और बड़वाह नगर के व्यापारियों तथा नागरिकों ने शासन से मांग की है कि बड़वाह नगर के जय स्तंभ से लेकर नेशनल हाईवे के अंडरपास तक सड़क के दोनों ओर 30-30 फीट जमीन अधिगृहित की जाए। ऐसा करने से अनेक दुकानें,व्यापारिक संस्थान और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवन टूटने से बच जाएंगे और रोजगार पर भी विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार ग्राम बफलगांव,ग्राम रतनपुर के साथ साथ किठूद, पिपल्याबुजुर्ग निवासियों ने भी मांग है कि नेशनल हाईवे के अंडरपास से लेकर रतनपुर फाटे तक सड़क के दोनों ओर 100-100 फीट की जगह 50-50 फीट भूमि अधिगृहित की जाए। ऐसा करने से सड़क के दोनों ओर स्थित वर्षों पुरानी कमर्शियल दुकानें एवं आवासीय भवन टूटने से बच जाएंगे और आवागमन में भी बाधा उत्पन्न नहीं होगी। इसके अलावा ग्रामवासियों ने रतनपुर फाटा पर ओवरब्रिज या अंडरपास का निर्माण नहीं करने की मांग भी शासन से की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि ग्रामवासियों और व्यापारियों की मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। विधायक ने बड़वाह नगर, ग्राम बफलगांव,ग्राम रतनपुर में निवासियों और व्यापारियों की मांगों से पूर्ण सहमति व्यक्त की और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। विधायक ने आश्वस्त किया कि धामनोद रोड के प्रस्तावित चौड़ीकरण के कारण बड़वाह नगर, ग्राम बफलगांव,ग्राम रतनपुर के निवासियों एवं व्यापारियों की कठिनाइयों से जल्दी ही मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे तथा धामनोद रोड के प्रस्तावित चौड़ीकरण में संशोधन हेतु उच्च प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान डोंगरसिंह खंडाला,अजहर तंवर,सरपंच लोकेन्द्रसिंह पटेल, सरपंच अमरसिंह, रामेश्वर जायसवाल, सतीश गोस्वामी, संजय परिहार,कमल पंवार,राजू गोस्वामी, राजेश पटेल, सतीश गोस्वामी, दिलावर सोलंकी, सुनील डाबर, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, अनिल अजमेरा, श्याम ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# सोण्डवा तहसील मुख्यालय पर पंचायत ग्राउंड मैं सार्वजनिक झंडा बंधन कर गणतंत्र दिवस मनाया गया

सोण्डवा - भारत का 77वॉ गणतंत्र दिवस पंचायत ग्राउण्ड पर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में मनाया गया । ध्वजा रोहण जनपद अध्यक्ष श्रीमति रेवली उषान गरासिया द्वारा किया गया । मुख्यमत्री का संदेश वाचन जनपद उपाध्यक्ष विक्रम भयडिया जी ने किया ।



कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी श्रीमान मनोज गरवाल, तहसीलदार श्रीमती रानू माल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेरसिंह मुझाल्दा के साथ ही जनपद सदस्य एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओ के छात्रो द्वारा राष्ट्रभक्ति , धार्मिक एवं सामाजिक विचारधाराओ से जुडे कार्यक्रम प्रस्तुत किये ।

जिसमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हेमन्त मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सोण्डवा द्वारा दांडी यात्रा पर आधारित नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुति को सीनियर वर्ग में लगातार चार वर्षों से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो रहा है साथ ही इस वर्ष जूनियर वर्ग में हेमंत मेमोरियल पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चों ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। जिसे उपस्थित दर्शको से तालियॉ बटोरते हुए नन्हे ङ्कनन्हे बच्चो द्वारा दी गई प्रस्तुति की भुरी-भुरी प्रशंसा की गई ।

कार्यक्रम में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी व्यंकटेश मूर्ति , बीआरसी एसएस चौहान, एवं समस्त बीएसी तथा गणमान्य नागरिक एवं कर्मचारीयो ने सहभागिता की ।

# झाबुआ जिले के एडवोकेट तेजस जैन इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव मेम्बर निर्वाचित



झाबुआ। भारत में रोटरेक्ट क्लबों के सर्वोच्च निकाय रोटरेक्ट इंडिया एमडीआईओकी लर्निंग एंड डेवलपमेंट कमेटी के वाइस चेयरमैन भी है तेजस बने। तेजस भारतीय खेल प्राधिकरण में भी इस जिले से प्रथम खिलाड़ी रह चुके हैं जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन में कई बार सफलता दर्ज करवाई है। झाबुआ जिले के मेघनगर से निकले युवा एडवोकेट तेजस जैन इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव मेम्बर निर्वाचित हुए। अल्प समय मे स्वयं की पहचान स्थापित करने वाले तेजस इंडियन लॉ सोसायटी पुणे से लॉ मास्टर्स एलएलएम की उपाधि प्राप्त हैं। वकालत की शुरुआत अपनी कर्मभूमि से की, आगे प्रगति की ललक उन्हें थांदला व झाबुआ जिला न्यायालय से इंदौर उच्च न्यायालय तक खींच ले गई। अल्प समय में ही तेजस का हाईकोर्ट बार की कार्यकारिणी के लिए चुना जाना झाबुआ जिले के लिए गौरव की बात है। चुनाव 28 जनवरी को सम्पन्न हुए। चुनाव में 2632 अधिवक्तागणों में से 1914 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही जिला पत्रकार संघ व अक्षय भट्ट, हरिशंकर पवार, संजय भटेवरा, नरेंद्र राठौर, कलसिंह भुरिया आदि ने इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत मोटरसाइकिल से जागरूकता रैली का आयोजन



आलीराजपुर कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने, फसल विविधीकरण, इस टोकन व्यवस्था से उर्वरक का वितरण, सॉइल हेल्थ कार्ड की अनुशंसा के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने, प्रधानमंत्री धन धन योजना का प्रचार-प्रसार, खेती को लाभ का धंधा बनाने, दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्र को बढ़ाने, के उद्देश्य से किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कार्यालय से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली को कलेक्टर नीतू माथुर ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर नीतू माथुर ने कहा कि जिले के किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक व जैविक खेती पर्यावरण हितैषी होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इस प्रकार की खेती में गोबर खाद, नीम की खाद जैसी जैविक खादों का उपयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद प्राप्त होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मध्य प्रदेश राज्य मिलेट्स मिशन योजना 2025-26 के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना तथा इसकी जानकारी किसानों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। मोटरसाइकिल रैली कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री तपीस पांडे,कृषि विभाग के उप संचालक कृषि सज्जन सिंह चौहान, आत्मा परियोजना दादू मोरे,आलीराजपुर तहसीलदार सविता राठी, नायब तहसीलदार सरिता बालेचा, सहकारिता विभाग जी.एल. सोलंकी सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फतेह स्पोर्ट्स क्लब आलीराजपुर में पटेल ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

आलीराजपुर जिले के फतेह स्पोर्ट्स क्लब परिसर में आयोजित बहुप्रतिक्षित पटेल ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारंभ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल के करकमलों द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर पटेल ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया, उन्हें शुभकामनाएँ दीं और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजेता टीम के लिए ?1,50,000 तथा उपविजेता टीम के लिए ?71,000 की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

बड़ी इनाम राशि के कारण खिलाड़ियों और टीमों में विशेष उत्साह एवं प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि पटेल ट्रॉफी का यह भव्य आयोजन पिछले पाँच वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसने क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। इस वर्ष प्रतियोगिता में गुजरात, महाराष्ट्र और इंदौर की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे मैचों का स्तर और अधिक रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। बाहर से आई टीमों की भागीदारी ने आयोजन को अंतरराज्यीय स्वरूप प्रदान किया है।


यह आयोजन पुष्पराज पटेल, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस आलीराजपुर द्वारा लगातार पाँच वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना, क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं दर्शक उपस्थित रहे। दर्शकों के उत्साह और खिलाड़ियों के जोश ने पूरे मैदान का वातावरण खेलमय बना दिया।

पटेल ट्रॉफी आज क्षेत्र के युवाओं के लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रतिभा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण मंच बन चुकी है, जो आने वाले समय में और भी बड़े स्वरूप में आयोजित होने की उम्मीद है।



# सुमधुर गीतों के महान संगीतकार थे ओपी नैयर




सदाबहार, सुपरहिट और बेहद सुमधुर गीतों के अमर संगीतकार ओपी नैयर का पूरा नाम ओंकार प्रसाद नैयर था। उनका जन्म 16 जनवरी 1926 को अविभाजित भारत के लाहौर में हुआ था। देश विभाजन के बाद नैयर का पूरा परिवार पाकिस्तान के लाहौर से भारत के अमृतसर आ गया था। 60 से ज्यादा फिल्मों में संगीत देने वाले ओपी नैयर 1960 और 70 के दशक में सबसे मंहगे संगीत निर्देशक थे। किसी फिल्म में संगीत देने के लिए एक लाख रुपए पाने वाले ओपी नैयर पहले संगीतकार थे। सबसे अधिक रकम लेने के बावजूद ओपी नैयर की मांग फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा थी। मोहम्मद रफी, आशा भोंसले और गीता दत्त के जैसे महान गायक गायिकाओं को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में ओपी नैयर के संगीत की भूमिका सबसे ज्यादा अहम थी। महान गायिका गीता दत्त ने ओपी नैयर साहब को मशहूर निर्माता निर्देशक गुरुदत्त से मिलने की सलाह दी थी। गुरु दत्त और ओपी नैयर की जोड़ी ने कालजयी सदाबहार गीतों से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था, मोहित कर दिया था। गुरुदत्त के निर्देशन में बनी फिल्म 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55' और सी 'आई डी' जैसी यादगार फिल्मों में हद से ज्यादा मनमोहक संगीत देकर ओपी नैयर संगीत प्रेमियों के दिलों में हमेशा के लिए अमर हो गए हैं। बाबूजी धीरे चलना। ये लो मैं हारी पिया हुई तेरी जीत रे। जानें कहां मेरा जिगर गया जी। आंखों ही आंखों में इशारा हो गया। ऐसे असंख्य सदाबहार गीतों के महान संगीतकार ओपी नैयर को सिर्फ 30 साल की उम्र में ही रिदम किंग, अर्थात सुरों के राजा की उपाधि मिल गई थी। 1957 की फिल्म 'नया दौर' के सुपरहिट गीतों के लिए उन्हें बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर के रूप में पुरस्कृत किया गया था। हालांकि ओपी नैयर ने संगीत जीवन की शुरुआत एक गायक के रूप में की थी और पार्श्व गायक बनना ही उनका प्रार्थमिक लक्ष्य था। एस एच बिहारी, मजरुह सुल्तानपुरी, साहिर लुधियानवी आदि महान गीतकारों के गीतों को जादुई संगीत देने वाले ओपी नैयर की मृत्यु 28 जनवरी 2007 को हुई थी।

**-अनित कुमार राय टिंकू, बाघमारा, धनबाद।**

## पहले ही दिन कप्तान बनीं निक्की

कुछ एंट्रीज़ होती हैं... और कुछ एंट्रीज़ इतिहास लिखने आती हैं। शो 50 के बहुप्रतीक्षित टेलीकास्ट से पहले ही जिस नाम ने माहौल गरमा दिया है, वह है निक्की तंबोली। पहले ही दिन उन्होंने साफ कर दिया कि यह सफ़र उनके लिए सिर्फ़ भागीदारी का नहीं, बल्कि नेतृत्व, हौसले और दबदबे का है। और जब पहले ही एपिसोड में उन्हें कप्तानी सौंपी गई, तो मानो शेरनी की दहाड़ से पूरे गेम का टोन सेट हो गया।सीज़न की शुरुआत में ही कप्तान बनना कोई संयोग नहीं था–यह निक्की की मज़बूत पर्सनैलिटी, तेज़ सोच और नेचुरल लीडरशिप का नतीजा था। बेखौफ अंदाज़ और आत्मविश्वास से भरी चाल के साथ उन्होंने न सिर्फ़ अपनी टीम की कमान संभाली, बल्कि यह भी जता दिया कि वह दबाव में निखरने वाली खिलाड़ी हैं।

## पद्म भूषण मिलना मेरे लिए बेहद भावनात्मक पल : अलका याग्निक

बॉलीवुड की मशहूरप्लेबैक सिंगर अलका याग्निक को पद्म भूषण सम्मान से नवाजकर भारत सरकार ने उनके संगीत योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया है। इस उपलब्धि पर अलका याग्निक ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी भावनाएं साझा करते हुए इसे सिर्फ अपनी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की जीत बताया, जो उनके संगीत सफर का हिस्सा रहे हैं। अलका याग्निक ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखते हुए भारत सरकार का आभार जताया और कहा कि दशकों तक फिल्म और संगीत जगत में काम करने के बाद यह सम्मान मिलना उनके लिए बेहद भावनात्मक पल है। उन्होंने लिखा कि पद्म भूषण उनके जीवन और करियर का एक अहम पड़ाव है, जो उनकी वर्षों की मेहनत, समर्पण और संगीत के प्रति प्रेम का परिणाम है। अलका ने इस सम्मान को साझा खुशी बताते हुए कहा कि यह उनके अकेले का नहीं, बल्कि हर उस इंसान का है जिसने किसी न किसी रूप में उनके सफर को आसान बनाया। अपने पोस्ट में अलका ने फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हर वर्ग का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने फिल्ममेकर्स, संगीतकारों, गीतकारों, सह-गायकों, संगीतकारों, तकनीशियनों, प्रेस और मीडिया का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि ये सभी लोग फिल्मों की आत्मा होते हैं। अलका ने लिखा कि इतने लंबे और सफल सफर की कल्पना भी इन सहयोगियों के बिना संभव नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि संगीत एक सामूहिक यात्रा है, जिसमें हर किसी का योगदान बराबर मायने रखता है। अलका याग्निक ने अपने परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति भी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि उनके चाहने वालों का प्यार और समर्थन हमेशा उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। यही प्यार उन्हें लगातार बेहतर करने और संगीत से जुड़े रहने की प्रेरणा देता रहा। पोस्ट के अंत में अलका ने लिखा कि यह पल, यह यात्रा और यह सम्मान हम सभी का है और उन्होंने सभी को ढेर सारा प्यार भेजा। अलका याग्निक भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और सफल पार्श्व गायिकाओं में शुमार हैं।

## लीडिंग वॉइसेज़ ने संविधान से 'रीडिंग राइट्स' अभियान शुरू किया



सोनाक्षी सिन्हा, प्रीति ज़िंटा, सोनू सूद, रवीना टंडन, इम्तियाज़ अली – वे सेलिब्रिटीज़ जिन्होंने बुनियादी अधिकारों और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी आवाज़ उठाई है। रेवती, नंदिता दास, पार्वती, अनंत महादेवन, जियो बेबी, शीना चोहान और करण टैकर सहित कई कलाकार गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक साथ आए और भारतीय संविधान के अंश पढ़े, ताकि संवैधानिक अधिकारों को उजागर किया जा सके।इस पहल की शुरुआत और स्थापना करने वाली अभिनेत्री और यूनाइटेड फॉर ह्यूमन राइट्स की साउथ एशिया एंबेसडर शीना चोहान ने कहाः 'गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान का उत्सव है, जिसकी पूरी दुनिया में प्रशंसा होती है, लेकिन हम में से बहुत से लोग यह भूल जाते हैं कि इसमें क्या लिखा है।

रेवती ने अनुच्छेद 14 पढ़ाः

राज्य भारत के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को विधि के समक्ष समानता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।

रेवती ने कहाः पार्वती ने अनुच्छेद 15 पढ़ाः राज्य किसी नागरिक के साथ केवल धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा।पार्वती ने कहाः नंदिता दास, जिन्होंने अनुच्छेद 14 और 15 भी पढ़े, ने कहाः 'ये बुनियादी अधिकार बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये हमें याद दिलाते हैं कि समानता और न्याय बिना किसी अपवाद के सभी के लिए हैं – यही हमारे लोकतंत्र की नींव हैं। 'मलयालम निर्देशक जियो बेबी ने अनुच्छेद 14 और 15 को मलयालम भाषा में पढ़ा। करण टैकर ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार पढ़ा और कहाः 'यह बुनियादी अधिकार इसलिए इतना महत्वपूर्ण है क्योंकि यही हमारे देश को लोकतांत्रिक बनाता है। '



## शिवानी स्किनकेयर ब्रांड लॉन्च करेंगी

एक्ट्रेस शिवानी चक्रवर्ती, जो अभी पॉपुलर शो अनुपमा में मीता का रोल कर रही हैं, उन्होंने PavitRam नाम से अपना स्किनकेयर ब्रांड लॉन्च करके एक एंटरप्रेन्योर बन गई हैं। अपने ब्रांड के आइडिया के बारे में बताते हुए इस खूबसूरत एक्ट्रेस ने कहा, PavitRam का जन्म एक सिंपल लेकिन पावरफुल सोच से हुआ कि स्किनकेयर प्योर, ईमानदार और नेचर से जुड़ा होना चाहिए, न कि हार्श केमिकल्स से भरा हुआ। इंडस्ट्री में कुछ सालों तक एक आर्टिस्ट के तौर पर काम करने के बाद मुझे यह भी समझ आया कि हमेशा एक बैकअप होना चाहिए। और एक एक्टर होने के नाते मैं स्किन केयर रेंज के बारे में बहुत कुछ समझ सकती हूं। यह आइडिया तब आया जब मैंने खुद पारंपरिक, आजमाए हुए नुस्खों और मॉडर्न स्किनकेयर प्रोडक्ट्स के बीच का गैप महसूस किया। अपनी रिसर्च और कस्टमर्स के साथ बातचीत के दौरान, मुझे एहसास हुआ कि एक ऐसे ब्रांड की जरूरत बढ़ रही है जो पुरानी समझ को मॉडर्न साइंस के साथ मिलाए, और तभी क्कु1द्वह्लत्रद्वुद्ध का विजन पैदा हुआ।'

# अग्रसेन महासभ के सामूहिक विवाह समारोह के लिए अनेक समितियां गठित

**इंदौर। श्री अग्रसेन महासभा द्वारा 13-14 फरवरी को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में विभिन्न समितियों का गठन किया गया।**

सामूहिक विवाह के लिए सभी तैयारियां 'घर जैसी शादी' की तरह की जा रही है। महासभा परिवार की महिलाऐं और नवयुगलों के रिश्तेदार मिलकर 13 फरवरी को महिला संगीत के साथ इस महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। सम्पूर्ण विवाहोत्सव बायपास सहित महासभा के मांगलिक भवन पर सम्पन्न होंगे। दोनों पक्षों के मेहमानों को मांगलिक भवन के वातानुकूलित कक्षों में ठहराया जाएगा।

प्रचार संयोजक अजय आलूवाले एवं सीए एसएन गोयल ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल को स्वागताध्यक्ष, मोहनलाल बंसल एवं अनूप सिंघल को अर्थव्यवस्था, प्रमोद बिंदल को कन्यादान व्यवस्था, सतीश गुप्ता को चल समारोह, अखिलेश गोयल को नेकचार व्यवस्था, कैलाश चोमूवाले को भोजन व्यवस्था समिति का संयोजक मनोनीत किया गया है। महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, मंत्री राजेश मित्तल, प्रमुख संयोजक राजेश जिंदल एवं अरुण आष्टा वाले ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में 21 युगलों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया है। महोत्सव का शुभारंभ 13 फरवरी की शाम को महिला संगीत के साथ होगा जिसमें महासभा परिवार की महिलाएं और नवयुगलों के रिश्तेदार मिलकर अपनी गीत-संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। 14 फरवरी को सुबह 8.30 बजे से गणेश पूजन, चाकभात, सामेला, चल समारोह, तोरण एवं अग्नि की साक्षी में विद्वान पंडितों द्वारा 7 फेरों, आशीर्वाद समारोह एवं बिदाई जैसी परंपरागत रस्मों का निर्वहन होगा। प्रत्येक युगल के लिए समाजबन्धुओं के सहयोग से ग्रहस्थी चलाने योग्य 31 उपहार भी भेंट किए जाएँगे। आशीर्वाद समारोह में अनेक वरिष्ठ समाजसेवी एवं अन्य विशिष्ठ अतिथि भी आमंत्रित किए गए हैं।

# ईवी का भरोसा सिखाता है मंगलम चेतक

**इंदौर। दुनिया की सबसे वैल्यूएबल टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज इंदौर में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक ष्25 का भव्य शुभारंभ किया।**



इस मौके पर शहर के प्रमुख क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया और ग्राहकों को नई गाड़ियों की डिलीवरी भी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद लोग नई गाड़ी को लेकर काफी उत्साहित नजर आए और इसके फीचर्स व परफॉर्मेंस की जानकारी लेने में खास रुचि दिखाई। आयोजन में श्रीमती समता मित्तल , सृष्टि मित्तल, नेहा वासानी,प्राची चौरसिया और नेहा मित्तल ने गाड़ी का पर्दा उठाकर नहीं चेतक को सबके समक्ष लॉन्च किया।

लॉन्च के अवसर पर मंगलम बजाज के डायरेक्टर श्री पीयू मित्तल ने बताया कि 'इंदौर में पहली बार बजाज का इलेक्ट्रिक स्कूटर लाने वाला मंगलम बजाज पहला डीलर रहा है। हमने न सिर्फ शहर को एक के बाद एक नए चेतक ईवी मॉडल दिए हैं, बल्कि लोगों को इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर भरोसा भी दिलाया है।' पीयू बताते हैं कम्पनी ने देशभर के पहले 10 हजार ग्राहकों के लिए ऑफर कीमत 87100 रखी है जो कि बेहद किफायती है।

## चूरू-सादुलपुर सेक्शन में ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित



**इन्दौर।** उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल के चूरू - सादुलपुर सेक्शन में पैच डबलिंग एवं ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्य के चलते पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 27 जनवरी, 2026 को रामेश्वरम से चली एवं 03 फरवरी 2026 को रामेश्वरम चलने वाली गाड़ी संख्या 20497 रामेश्वरम - फिरोजपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया सीकर - लोहारू - सादुलपुर चलेगी। इस ट्रेन का झुंझुनू एवं लोहारू स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है।

## कैंटाबिल ने इंदौर में नया स्टोर खोलकर किया रिटेल बिजनेस का विस्तार

**इंदौर :** कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड, जो भारत की जानी-मानी परिधान निर्माता और रिटेलर में से एक है, ने इंदौर में अपना नया रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1369 स्क्व.स्क्व, एरिया में फैला यह ब्रांड स्टोर त-8, ग्राउंड फ्लोर, रॉयल पार्क, राऊ, इंदौर में है, जो ब्रांड के विस्तार के सफर में एक अहम पड़ाव है। पुरुषों के लिए फॉर्मल वियर, कैजुअल और पार्टी वियर कपड़ों के साथ-साथ एक्सेसरीज का बड़ा कलेक्शन देने के लिए समर्पित, कैंटाबिल ने रिटेल अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। कम्पनी ने फैशन इंडस्ट्री में एक लीडर के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। इस रोमांचक लॉन्च पर कमेंट करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री दीपक बंसल ने अपना उत्साह दिखाते हुए कहा, 'हम इंदौर में अपना नया मेन्स और एक्सेसरीज-एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू करके बहुत खुश हैं। कैंटाबिल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में बहुत तारीफ पाई है, जो कस्टमर्स को पसंद आ रहा है।




## इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस चलेगी एल.एच.बी. रेक से

**इन्दौर।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से हो कर चलने वाली गाड़ी संख्या 18233/18234 इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस को एल.एच.बी. रेक में बदलने का निर्णय लिया गया है। यात्रियों की सुविधा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 18233/18234 इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस आई.सी.एफ. रेक के स्थान पर एल.एच.बी. रेक से चलेगी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गाड़ी संख्या 18233 इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस 31 मार्च, 2026 से तथा गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर - इंदौर एक्सप्रेस, 30 मार्च, 2026 से एल.एच.बी. रेक से चलेगी।

इस ट्रेन में एक फर्स्ट एसी कम सेकंड एसी, एक सेकंड एसी, पांच थर्ड एसी, नौ स्लीपर एवं चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव आदि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ध्वजारोहण



77वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर गोयल एवेन्यू निपानिया में राष्ट्रीय पर्व का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक माहौल में मनाया गया! मानव अधिकार ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष आर के शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ मनीष मेहता, वरिष्ठ समाजसेवी रामजीलाल शर्मा, महावीर मूंदड़ा, चंद्रशेखर चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगो सहित गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। उपस्थित अतिथियों ने मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए सामाजिक सौहार्द और सेवा भाव को और मजबूत करने पर जोर दिया। मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ!

**विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत व पंचायत समिति का गठन**

# कांग्रेस ने संगठन मजबूती का लिया संकल्प

**इंदौर । विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों के गठन की प्रक्रिया क्षिप्रा ब्लॉक मांगलिया कदवाली में सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। इस अवसर पर आयोजित बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया गया।**



पंकज वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में भारी बहुमत से कांग्रेस सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ मजबूत संगठनात्मक ढांचे की नींव रखी जा रही है। कार्यकर्ताओं से उन्होंने आह्वान किया कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनें और समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करें।इस अवसर पर दिनेश पटेल ने कहा कि वर्ष 2028 में मध्यप्रदेश में किसानों की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले किसान पुत्र जीतू पटवारी को मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना कांग्रेस कार्यकर्ताओं का संकल्प है। दिनेश पटेल ने कहा कि जब प्रदेश की कुर्सी पर किसान पुत्र बैठेगा, तब मध्यप्रदेश में कोई भी दुखी नहीं रहेगा और हर वर्ग की आवाज मजबूती से सरकार तक पहुंचेगी। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती, पंचायत स्तर पर सक्रियता और आगामी चुनावों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कपिल सोनकर,पंकज वर्मा, दिनेश पटेल, इंदरसिंह आंजना,हितेश यादव,हनी यादव,जीतू पटेल,आनंद गोंगलिया, सोहन पटेल,अरविंद त्रिवेदी,अर्जुन पटेल,लखन पटेल,संजय शर्मा,जेपी उपस्थित रहे।

# माउंटबर्ग दादी मंडल की धार्मिक राजस्थान यात्रा संपन्न

**इंदौर , माउंटबर्ग दादी मंडल परिवार से जुड़े 80 सदस्य अपने परिवार के साथ चार दिवसीय राजस्थान की धार्मिक यात्रा पर दिनांक 24 जनवरी को रवाना हुए एवं 28 जनवरी को सकुशल इंदौर लोटे, सदस्यो ने केङ सती धाम, रानी सती मंदिर झुन्झनू ,सालासर बालाजी एवं खाटू श्याम जी के दर्शनों का लाभ लिया**

इस यात्रा के प्रमुख मार्गदर्शक श्री अरविंद जी बागड़ी, श्री विष्णु जी गोयल दादी धाम, श्री मुरारी जी शाह, श्री वासुदेव जी टीबड़े वाला, श्री गोपाल जी अग्रवाल (अग्रवाल स्वीट्स) श्री विनोद जी अग्रवाल (भीकनगांव) के नेतृत्व में विकास केड़िया कृष्णा गुप्ता ,कमल गोयल, मनीष शाह ने अपनी पूरी टीम के साथ इस चार दिवसीय यात्रा को सफल बनाया ।

यात्रा के दौरान सालासर बालाजी को गाजे बजे के साथ ध्वजा चढ़ाई गई एवं सभी के लिए मंगल कामना की गई। इस पूरे कार्यक्रम को एक सूत्र में पिरोने का कार्य श्री नंदकिशोर जी कंदोई (नंदू भैया) द्वारा किया गया यात्रा में इंदौर के प्रसिद्ध भजन गायक श्री गोपाल जी मिश्रा का भी पूरे समय सानिध्य रहा केङ सती धाम पर बहुत ही शानदार भजन संध्या का आयोजन भी किया एवं राणी सती दादी झुंझुनू में बसंत उत्सव का आनंद लिया।



# सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवन रक्षा का विज्ञान– कुरैशी



**नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय, नेपानगर में राष्ट्रीय सेवा योजना(एन एसएस) के अंतर्गत बुधवार को आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में नेपानगर यातायात प्रभारी व थाना एसआई शहाबुद्दीन कुरैशी अथवा शुभम पटेल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारियां देकर जागरूक किया। इसी के साथ शासन द्वारा संचालित पिंक योजनान्तर्गत ड्राइविंग लाइसेंस( चालक अनुज्ञप्ति) प्राप्त करने की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआई कुरैशी ने बताया कि वाहन की गति जितनी अधिक होती है, दुर्घटना के समय प्रभाव उतना ही घातक होता है। 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर टक्कर लगने पर शरीर पर पड़ने वाला दबाव कई गुना बढ़ जाता है, जिसे हेलमेट और सीट बेल्ट काफी हद तक कम कर सकते हैं।

**हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व पर जोर–** उन्होंने बताया कि आईएसआई मार्क वाला हेलमेट, सही तरीके से लॉक किया गया हो तभी प्रभावी सुरक्षा देता है। केवल सिर पर रखने से दुर्घटना के समय हेलमेट निकल जाता है, जिससे जान का खतरा बना रहता है। एसआई कुरैशी ने छात्रों को ब्रेकिंग डिस्टेंस की जानकारी देते हुए समझाया कि बारिश के मौसम में सड़क पर फिसलन बढ़ जाती है, जिससे वाहन को रोकने की दूरी सामान्य से दोगुनी हो जाती है। ऐसे में तेज गति दुर्घटना का प्रमुख कारण बनती है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को सलाह दी कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें,ओवरटेक हमेशा दाईं ओर से करें,मोड़ पर हॉर्न और इंडिकेटर का अनिवार्य रूप से उपयोग करें,रात के समय रिफ्लेक्टर व हेडलाइट सही स्थिति में रखें।

**सड़क सुरक्षा को बताया जीवन रक्षा का आधार–** शुभम पटेल ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि वाहन चलाने की वैधानिक योग्यता का प्रमाण है। बिना लाइसेंस वाहन चलाने से न केवल चालान बल्कि दुर्घटना की स्थिति में बीमा क्लेम भी प्रभावित हो सकता है। कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री शासन की पिंक योजना के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन, लर्नर लाइसेंस टेस्ट, बायोमेट्रिक प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की तकनीकी जानकारी भी छात्रों को दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सड़क पर स्वयं अनुशासित रहें, क्योंकि युवाओं की सजगता ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकती है।

**150 से अधिक छात्रों ने ली भागीदारी–** कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. मनीषा साकले के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मयाराम चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित 150 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी जागरूकता सत्र आयोजित करने की मांग की।

# प्रभातचन्द्र-ज्योति झंवर ने विवाह वर्षगांठ पर की देहदान की घोषणा

## सक्षम ,लायन्स, नेत्रदान देहदान समिति का 165वां देहदान पंजीकरण



**खण्डवा।** लोकमान्य तिलक वार्ड माधव नगर के झंवर दम्पति प्रभातचन्द्र झंवर व श्रीमती ज्योति झंवर ने अपनी विवाह वर्षगांठ पर देहदान की घोषणा कर अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मानव जीवन की सार्थकता केवल जीने में नहीं, बल्कि मृत्यु के बाद भी समाज के काम आने में है–इस विचार को चरितार्थ करते हुए झंवर दम्पत्ति ने मरणोपरांत देहदान की घोषणा कर समाज के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

सक्षम संस्था, लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा की नेत्रदान-देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जनजागरण अभियानों का सकारात्मक परिणाम अब समाज में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में झंवर दम्पत्ति ने पुत्र शिवम व परिवारजनों की सहमति युक्त देहदान घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर समिति को सौंपा। यह समिति द्वारा भरा गया 165 वाँ देहदान घोषणा पत्र है। सक्षम खण्डवा के अध्यक्ष एवं समिति संयोजक नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घोषणा समाज में बढ़ती मानवीय चेतना का प्रमाण है। इस अवसर पर नेत्रदान-देहदान समिति के नारायण बाहेती, डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले,सुनील जैन,राजीव मालवीय, राजीव शर्मा, गांधी प्रसाद गदले,अनिल बाहेती, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, डॉ. राधेश्याम पटेल, घनश्याम वाधवा, लायन्स क्लब खण्डवा की अध्यक्ष आशा उपाध्याय, रणवीर सिंह चावला, चंचल गुप्ता सहित लायन्स क्लब खण्डवा, लियो क्लब खण्डवा, सक्षम संस्था एवं महर्षि दधीचि समिति के पदाधिकारियों का सहयोग रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि देहदान की घोषणा करते हुए झंवर दम्पत्ति ने भावुक शब्दों में कहा कि 'मृत्यु के बाद शरीर को जलाकर नष्ट करने से बेहतर है कि वह किसी के जीवन के काम आए। हमारे नेत्र किसी को दृष्टि दे सकते हैं और हमारी देह मेडिकल विद्यार्थियों को शिक्षा देकर समाज के लिए अच्छे चिकित्सक तैयार कर सकती है। समिति संयोजक नारायण बाहेती वह समिति सदस्यों के सहयोग एवं मार्गदर्शन में अब तक 20 देह मेडिकल कॉलेज खण्डवा को सुपुर्द की जा चुकी हैं तथा 520 दिवंगत व्यक्तियों के नेत्रदान सफलतापूर्वक कराए गए हैं।

# निमाड़ी बोली की मिठास लोक गीतों की आत्मा है– पिंकी राठौर



## अखिल निमाड़ लोक परिषद द्वारा आयोजित संक्रांति उत्सव कार्यक्रम संपन्न।

**खंडवा।** निमाड़ी सरल,सहज और मीठी बोली है। अन्य भाषा-भाषी निमाड़ी सीखने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। मैं भी लगातार निमाड़ी सीखने के लिए प्रयासरत हूँ। यह बात अखिल निमाड लोक परिषद द्वारा आयोजित संक्रांति उत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद समाजसेवी पिंकी राठौर ने कही। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि शर्मिष्ठा तोमर ने ग्रामीण परिवेश और निमाड़ी की परम्पराओं का उल्लेख किया,साथ ही उन्होंने घोषणा की अभिजीत वेलफेयर समिति की ओर से निमाड़ी गायन का एक बड़ा कार्यक्रम इस वर्ष आयोजित किया जायेगा। संरक्षक राजश्री शर्मा ने निमाड़ी की समृद्धि के लिए बहनों से निमाड़ी गद्य और पद्य दोनों में निरंतर लिखते रहने का आग्रह किया। आरंभ में माँ सरस्वती, माँ नर्मदा और प्रथम पूज्य गणेश की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ भारती पाराशर एवं मंगला चौरे द्वारा किया गया। ममता मोहे,मनोरमा तिवारी,मीरा व्यास,मीनू तोमर,सुषमा डोंगरे,शिव कन्या सिसोदिया ने निमाड़ी लोकगीत गायन प्रस्तुत किया। ढोलक पर संगत मनोज जोशी ने की।समवेत में साथ वेदांत सावनेर ने दिया। अन्नपूर्णा तंवर और रुक्मणि सावनेर ने लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। सुधा सोहनी की विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर उमा भाटे, माया राठौर,वन्दना जोशी,रंजू पगारे,रंजना जोशी,श्वेता शाह, ज्योति डोंगरे,साधना साध,मेधा मंडलोई,प्रियंवदा सोहनी,सोना चौहान एवं अन्य गणमान्य महिलाएं उपस्थित थीं। आयोजन का संचालन राजश्री शर्मा ने किया,आभार अध्यक्ष मीरा व्यास द्वारा माना गया।

# मेडिकल कॉलेज खंडवा के आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन तीन माह से अटका

## मंत्री, विधायक, महापौर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**खण्डवा।** नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सह-अस्पताल खण्डवा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन भुगतान नहीं होने से उपजी गंभीर आर्थिक परेशानी को लेकर परेशान है। समाजसेवी पूर्व रोगी कल्याण समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार को आनंद नगर स्थित मेडिकल कॉलेज कैंपस में प्रदेश के जनजातीय कार्य एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह, विधायक कंचन मुकेश तंनवे, एवं महापौर अमृता अमर यादव और कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि बीते तीन माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है।

आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्ष 2018 से मेडिकल कॉलेज की स्थापना के समय से विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। नियमित स्टाफ की नियुक्ति नहीं होने की स्थिति में इन्हीं कर्मचारियों ने कॉलेज एवं अस्पताल की व्यवस्थाएं संभालीं। कोरोना काल (2020-22) के दौरान भी जोखिम भरे हालात में कर्मचारियों ने निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। कर्मचारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मल्टी टास्किंग पदों–जिनमें कंप्यूटर ऑपरेटर और मेंटेनेंस से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं–के लिए शासन स्तर पर वेतन मद निर्धारित नहीं होने के कारण नवंबर 2025 से भुगतान रोक दिया गया है। जबकि हाउसकीपिंग और सुरक्षा कर्मियों के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को वेतन मिल रहा है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार कॉलेज प्रशासन से चर्चा की गई। अधिष्ठाता द्वारा वरिष्ठ कार्यालय से संपर्क कर समाधान का आश्वासन दिया गया, जिसके चलते कर्मचारियों ने हड़ताल का निर्णय भी टाल दिया। बावजूद इसके अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि कर्मचारियों को छह माह का बोनस, 11 माह का एरियर्स और 12 माह का लीव वेजेस भी अब तक नहीं मिला है। कर्मचारियों ने मंत्री से मांग की है कि नवंबर 2025 से रोके गए वेतन का शीघ्र भुगतान कराया जाए तथा भविष्य में सेवा की निरंतरता और वेतन व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्णय लिया जाए। सुनील जैन ने बताया कि मंत्री कुंवर विजय शाह एवं जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों को आशवस्त किया कि आपकी बात मुख्यमंत्रीजी एवं उच्च अधिकारियों के समक्ष रखकर इस समस्या का निराकरण करवाएंगे।

# कुंए मे गिरी गाय, रहवासियों ने मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे बाहर निकाला

## रहवासियों बोले, सगस बावजी मंदिर के सामने स्थित दीवार का करे जीर्णोद्धार

**जावरा** । सात पीपल क्षेत्र पहाड़िया रोड़ के रहवासियों ने बताया कि पहाड़िया रोड़ सगस बावजी मंदिर के सामने एक बडा कुंआ सात पीपल क्षेत्र में जाने वाली सड़क किनारे है। सात पीपल एक बडी रिहायशी बस्ती के रूप में विकसित हो चुका है। साथ ही रहवासियों का आने-जानें का एक मात्र यही रास्ता क्षतिग्रस्त कुंए के पास से जाता है। इस रास्ते से बच्चे नियमित विद्यालय, ट्यूशन व महिलाएँ-बुजुर्ग अपने-अपने नियमित कार्यो से आवगमन करते है। विगत दिनो रहवासियों ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देते हुए क्षतिग्रस्त कुएं की दीवार का शीघ्र ही जीर्णोद्धार करवाने की मांग



की थी। लेकिन जिम्मेदारो ने इस ओर ध्यान नही दिया। गुरूवार को इसी कुंए मे एक गाय गिर गई। रहवासियो ने बडी मशक्कत के बाद गाय को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। जिम्मेदार समय रहते नही जागे तो कभी भी बडी जनहानी हो सकती है। रहवासियो ने बताया कि गत वर्ष भी कुएं का किनारा क्षतिग्रस्त हुआ था, जिससे सड़क का कुछ भाग कुएं की और धस कर खतरनाक स्थिती में पहुंच गया है, इस स्थान पर कच्ची सड़क होने से फिसलन बनी रहती है। जिससे दुर्घटना की आशंका दिन ब दिन बढती जा रही है। इस वर्ष पुनः वर्षाकाल में कुंए के किनारे की जमीन धसती गई और रास्ता अधिक जोखिम पूर्ण होता जा रहा है। एसडीएम से रहवासियों ने कुंए की दीवार का शीघ्र जीर्णोद्धार करवाने की मांग की है।

# छात्र बने जीवन-रक्षक : सीपीआर एवं बीएलएस कार्यशाला का आयोजन किया गया

**चौमहला**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रुंडलाव में हार्ट सेफ झालावाड़ अभियान के अंतर्गत सीपीआर एवं फर्स्ट-एड कार्यशाला आयोजित ब्लॉक झालरापाटन स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रुंडलाव में माननीय सीएमएचओ डॉ. साजिद खान के मार्गदर्शन में हार्ट सेफ झालावाड़ अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए फर्स्ट-एड, सीपीआर एवं बीएलएस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला सीपीआर नोडल अधिकारी डॉ. शुभम पाटीदार एवं उनकी टीम सीएचओ त्रिलोक नागर द्वारा व्यावहारिक एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण



के दौरान विद्यार्थियों को कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट के साथ-साथ स्नेक बाइट, स्कॉर्पियन स्टिंग, जलने, चोकिंग, ट्रॉमा, दुर्घटना, इलेक्ट्रिक शॉक आदि आपात स्थितियों में एम्बुलेंस आने अथवा अस्पताल पहुँचने से पूर्व क्या करें और क्या न करें—इसकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्क्रीन-टाइम कम करने एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मोहन जी शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण जीवन-रक्षक है और वर्तमान समय की महती आवश्यकता है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय को हार्ट सेफ वर्कप्लेस के रूप में चिन्हित करते हुए सीपीआर सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं हार्ट अटैक फर्स्ट-एड मेडिसिन किट प्रदान की गई तथा हृदय-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि हार्ट सेफ झालावाड़ अभियान के अंतर्गत अब तक जिले में 30,000 से अधिक नागरिकों को यह जीवन-रक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

# सामूहिक प्रयास से हमारी नदियां फिर से स्वच्छ, सुंदर और जीवनदायिनी बन सकती हैं - विधायक विपिन जैन

## 85वें दिन भी जारी रहा श्रमदान, गुरुवार को नदी से 1 ट्राली प्लास्टिक कचरा निकला गया

**मंदसौर** । आज शिवना शुद्धिकरण अभियान के 85वें दिन श्रमदानियों ने नदी के भीतर और आसपास फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर बाहर निकाला ।

इसके साथ ही नदी में उग रही जलकुंभी के नए पौधे भी चिन्हित कर उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया, ताकि भविष्य में वे फिर से नदी में फैलकर जल प्रवाह और पर्यावरण को नुकसान न पहुँचा सकें । इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन ने आम नागरिकों से विशेष अपील की गई कि वे नदी के आसपास या नदी में किसी भी प्रकार का कचरा, विशेषकर



प्लास्टिक का कचरा बिल्कुल न फेंके । श्री जैन ने आगे कहा यदि समाज का हर व्यक्ति थोड़ी-सी जिम्मेदारी निभाए, तो हमारी नदियां फिर से स्वच्छ, सुंदर और जीवनदायिनी बन सकती हैं । श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रतिदिन प्रातः 7:30 से 9:30 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे । रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 85वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया,रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत,विजय आनंद,राकेश जैन पिंटू,नमन पालीवाल,महिला नेत्रीयों में राखी सत्रावाला,अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, वर्षा धोसरिया, कांग्रेसजन मे सर्वश्री राजनारायण ला? , विकास दशोरा,विनोद शर्मा,संजय नाहर, रमेश सिंगार,सोहन धाकड,अकरम खान,अजय सोनी,गणपत कुमावत,आमीन खान,ऋषिराज लाड़ , गोपाल बंजारा,प्रकाश कहार आदि श्रमदान में उपस्थित रहे ।



# माधवानंद एकेडमी पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण संपन्न

**जावरा** । गुरु हमें जीवन की शिक्षा देता है। स्कूल मात्र विद्या अध्ययन का केंद्र ही नहीं अपितु हमारे प्रतिभाओं को आगे लाने का हर संभव प्रयास करता है। हमें गुरु के मार्ग दर्शन पर आगे बढ़ना चाहिए तो ही हम अपनी मंजिल को पा सकते हैं। उक्त विचार श्री माधवानंद एकेडमी पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि डायरेक्टर सरदार पटेल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के डॉ रोहित पटेल ने व्यक्त किए। आपने कहा कि मैं इस विद्यालय मैं पढ़ा हूं यह मेरे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ ऋषिकांत ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने बहुत ही सुंदर विज्ञान के मॉडल चार्ट्स बनाएं वे बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में प्रेम बनोपा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत शिक्षण समिति अध्यक्ष मनोहरलाल पांचाल, राजेंद्र श्रोत्रिय, उषा श्रोत्रिय, मनीष शर्मा, बाबूलाल पांचाल ने किया। संचालन भारत चारोडीया ने तथा आभार पांचाल ने व्यक्त किया। इस मोके पर अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किए।

# जलकर का 80 लाख बकाया 9 नल कनेक्शन किए विच्छेद



## राशि जमा ना होने की दशा में आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

**जावरा** । नगरीय क्षेत्र जावरा अंतर्गत वर्तमान में जलकर बकाया राशि 80 लाख रूपए बकाया है। ऐसे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा के निर्देशन में नगर पालिका के कर्मचारियो का दल गठित कर जलकर उपभोक्ताओ को जलकर राशि जमा करने हेतु सूचित किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओ द्वारा सूचना उपरान्त भी जलकर बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है ऐसे उपभोक्ताओ के नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की जारी है। विगत 2 दिन में गठित दल द्वारा जलकर बकायादारो के कुल 9 नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की गई है। वार्ड क्रमांक 1 से 30 तक बकायादार उपभोक्ताओ द्वारा राशि जमा ना होने की दशा में नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा गठित दल में जलकर प्रभारी शेहजाद अली, इमरानउद्धीन कुरैशी, आनंदसिंह राठौर, इश्तियाक एहमद, नासीर, शाकिर हुसैन, शाहनवाज पठान को जलकर बकाया वसूली का दायित्व सौंपा गया है।

# शासकीय हाईस्कूल ढिकोला में करियर-डे का आयोजन हुआ

**नाहरगढ (तुलसीराम राठौर)** । एकीकृत शाला शासकीय हाईस्कूल ढिकोला में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए केरियर संबंधी जानकारी देने के लिए सेमीनार का आयोजन किया गया । कक्षा 10के बाद अपनी क्षमता,रुचि, पारिवारिक स्थित, को ध्यान में रखकर विषय चयन करने का मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों को बी बी ए चार्टर्ड लेखाकार के पाठ्यक्रम के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।यह जानकारी अशोककुमार रत्नावत प्राचार्य ने दी है। इस सेमीनार में शिक्षिका श्रीमती प्रियंका बिजवानी,मनोहरलाल देवडा,राखी खिंची,आराधना वर्मा, ज्योति शर्मा ने विद्यार्थियों परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के लिए सतत परिश्रम करने के लिए मोटिवेशनल मार्गदर्शन दिया । यह जानकारी जगदीश खींची ने दी ।

### वार्ड क्रमांक 29 में होंगे 22 लाख के विकास कार्य

# महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 29 में समता नगर से होते हुए सिल्वर इन कॉलोनी से आनन्द कॉलोनी तक की सड़क का सीमेन्टीकरण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, क्षेत्रिय पार्षद परमानन्द योगी, पार्षदगण व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया।



महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि समता नगर से होते हुए सिल्वर इन कॉलोनी से आनन्द कॉलोनी तक की सड़क का सीमेन्टीकरण कार्य 22.00 लाख की राशि से किया जायेगा। कार्य पुरा होने पर नागरिकों को आवागमन में सुविधा होने के साथ क्षेत्र स्वच्छ, सुन्दर व विकसित दिखाई देगा। उन्होने कहा कि नगर निगम द्वारा नगर व नागरिकों के हित में विकास कार्य करा रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने हेतु अपना योगदान देवें। भूमि पूजन के अवसर पर पार्षद शक्तिसिंह राठौर, योगेश पापटवाल, पूर्व पार्षद मोहम्मद सलीम मेव, फैय्याज मंसूरी, वार्ड संयोजक श्याम मारू, भरत निगम सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वार्ड क्रमांक 27 में होंगे 30.70 लाख के विकास कार्य वार्ड क्रमांक 27 स्थित लालजी का बाग व काजीपुरा में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती यास्मिन शैरानी, पार्षदगण व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि लालजी का बाग में 14.70 लाख व काजीपुरा में 16 लाख की लागत से सीमेन्टीकरण सड़क का निर्माण किया जायेगा। नागरिकों से अनुरोध है कि अपने घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे का पृथक्कीकरण नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालकर रतलाम नगर को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। भूमि पूजन के अवसर पर अकरम फारूखी काजी साहब, पार्षद कमरूद्धीन कचवाय, वहीद शैरानी, पूर्व पार्षद राजीव रावत, हीना शेख, इकरार चौधरी, रशीद भाई, वहाब भाई सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ट्रक में घुसा स्कूटी सवार युवक, मौत : फोरलेन पर खड़ा था हैवी वाहन, ई-बाइक स्कूटी टूटी; बिलपांक दुकान जा रहा था लड़का

**रतलाम।** फोरलेन पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में स्कूटी सवार 20 वर्षीय युवक पीछे से टकरा गया। युवक ने हेलमेट भी लगा रखा था, वह खुलकर दूर जा गिरा। सिर में चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना में ट्रक चालक की लापरवाही सामने आई है। घटना गुरुवार सुबह करीब 7.40 बजे रतलाम-इंदौर फोरलेन के धराड़ के पुल के आगे की है।



मृतक का नाम हर्ष (20) पिता चैनसिंह गुर्जर निवासी डोंगरेधाम कॉलोनी है। हर्ष सुबह अपनी ई-बाइक स्कूटी क्रमांक एमपी 43 जेडएल 0536 से बिलपांक में अपनी दुकान जा रहा था। धराड़ क्रॉस करने के बाद पुलिस चौकी के पहले ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीए 6587 रोड के सड़के किनारे ले बाय लाइन से सट कर खड़ा था। हर्ष ट्रक के रोड की तरफ ट्रक के कौने से पीछे से ट्रक में घुस गया। घटना में स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बिलपांक थाना पुलिस पहुंची। एम्बुलेंस से शव को रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा। पीएम कर शव परिजनों को सौंपा। 20 युवक की मौत के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## कोहरे से हादसे की संभावना

गुरुवार सुबह कोहरा भी था। संभावना जताई जा रही है कि कोहरे के कारण युवक को दूर से ट्रक दिखा नहीं होगा। पास में आने पर उसने बचने की कोशिश की होगी, इसी दौरान वह ट्रक में जा घुसा। इसके अलावा यह भी संभावना जताई जा रही है कि सुबह ठंड तेज थी। युवक ने हेलमेट लगा रखा था कि संभवत नींद की झपकी आने से हादसा हो सकता है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## ट्रक चालक की लापरवाही

ट्रक में टेंट का सामान रखा था। जिसमें बड़े डोम के एंगल रखे हुए थे जो कि ट्रक से बाहर निकले हुए थे। घटना में प्राथमिक जांच में ट्रक चालक की लापरवाही सामने आ रही है। चालू रोड के किनारे से रोड पर ट्रक खड़ा कर रखा था। ट्रक पर किसी भी प्रकार के सुरक्षा की दृष्टि से रेडियम नहीं लगा रखे थे, ताकि दूर से पता चल सके कि कोई वाहन खड़ा है। बिलपांक थाना प्रभारी अयुब खान ने बताया कि ट्रक को जब्ती में ले लिया है।



## श्री चौमुखा महादेव पर धर्मावलम्बियों द्वारा कराया जा रहा नियमित अभिषेक

**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा बागड़ो का वास स्थित चौमुखा महादेव मंदिर में एक यजमान प्रतिदिन अभिषेक योजना प्रारम्भ करने के पश्चात श्रद्धालुजन बढ़-चढ़कर अभिषेक कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिवस पूर्व में स्थापित सनातन सोशल ग्रुप के पूर्व संस्थापक अलकापुरी निवासी अनिल पुरोहित, पूर्व पार्षद श्रीमती वंदना पुरोहित के सुपुत्र नैतिक पुरोहित व पुत्रवधू आस्था द्वारा अभिषेक कर पुण्य लाभ लिया गया। इस अवसर पर कु. प्राची पुरोहित, श्रीमती अनीता आचार्य, सूर्यकांत पुरोहित, श्रीमती संगीता पुरोहित, अनिल आचार्य आदि उपस्थित थे। इसी के साथ नीलेश कुमावत परिवार द्वारा भी विगत दिवस मनोकामना सिद्धि के लिए भगवान शिव का अभिषेक संपन्न कराया गया। साथ ही श्री हेमंत-माधवी अग्रवाल दंपति निवासी धानमंडी द्वारा भी अभिषेक कर भगवान चौमुखा महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इन अभिषेको के अवसर पर अभिषेक आयोजन संयोजक जुगल पंड्या श्रीमती सपना जोशी, विजय लाला एवं व्यवस्थापक अंकित मिश्रा आदि भक्तगण उपस्थित थे। अभिषेक पंडित श्री त्रिभुवन ओमप्रकाश पंड्या कें द्वारा संपन्न कराए जा रहे है।

# मानव जीवन 84 लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ, इसी में परमात्मा की प्राप्ति संभव : स्वामी देव स्वरूपानंद महाराज

**रतलाम।** जीव मात्र को 84 लाख योनियों में से श्रेष्ठ मानव जीवन प्राप्त होता है। यदि व्यक्ति मानव जीवन में परमात्मा की प्राप्ति का प्रयास नहीं करता, तो अन्य किसी भी योनि में यह संभव नहीं हो पाता, क्योंकि मानव जीवन ही सर्वश्रेष्ठ योनि है। यह प्रेरणादायी विचार अनंत श्री विभूषित आचार्य महामंडलेश्वर चित्रकूट पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी दिव्यानंद महाराज की प्रेरणा से सैलाना बस स्टैंड क्षेत्र स्थित श्री अखंड ज्ञान आश्रम में श्री स्वामी स्वरूपानंद महाराज के तृतीय निर्वाण दिवस पर आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा व्यास स्वामी देव स्वरूपानंद महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। स्वामी देव स्वरूपानंद महाराज ने कहा कि संतों के दर्शन मात्र से व्यक्ति के अज्ञान रूपी पाप का नाश होता है, इसलिए मानव को संतों की भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने बताया



कि पंचतत्वों से पंचभूतों की उत्पत्ति होती है, जिनसे स्थूल शरीर का निर्माण होता है। व्यक्ति की ज्ञानेंद्रियां—कान, नाक, नेत्र, जिह्वा आदि—इन्हीं पंचतत्वों से बनी हैं। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि विदुर ने धृतराष्ट्र को पांडवों के साथ किए जा रहे अन्याय से आगाह किया था, परंतु धृतराष्ट्र ने उनकी बात नहीं मानी, जिसका परिणाम अंततः विनाश के रूप में सामने आया। इस अवसर पर उपस्थित योगेश नाथ महाराज ने कहा कि जिस स्थान पर भागवत कथा होती है, उस स्थान का उद्धार हो जाता है, नकारात्मकता समाप्त होती है। प्रेत धुंधकारी ने भी भागवत कथा के श्रवण से मोक्ष प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण के लिए जाते समय अभिमान का त्याग आवश्यक है। हरिद्वार से पधारे हरिहरानंद दंडी स्वामी ने कहा कि भागवत कथा अमर कथा है। इसके श्रवण मात्र से मानव जीवन का कल्याण होता है और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। प्रभु नाम का स्मरण और कीर्तन करने से पापों की निवृत्ति होती है। कथा के प्रारंभ में

# रतलाम की दो छात्राएं स्टेट स्किल प्रतियोगिता के लिए चयनित, भोपाल में दिखाएंगी हुनर

### नेशनल जीतने पर मिलेंगे 1.50 लाख, चीन जाने का मौका

**रतलाम।** राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 2025 में रतलाम के शासकीय उत्कृष्ट स्कूल की दो छात्राओं का चयन हुआ है। व्यावसायिक शिक्षा के तहत आईटी ट्रेड की कक्षा 12वीं की छात्राएं मोक्षिका भालेराव और तनीषा पाटीदार अब भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल होंगी। स्कूल प्रिंसिपल सुभा कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित होने पर विद्यार्थियों को 70 हजार रुपए की प्रशिक्षण प्रोत्साहन राशि अथवा उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न स्तरों पर क्रेडिट्स भी मिलेंगे। इनमें जिला स्तर पर 2 क्रेडिट, राज्य स्तर पर 5 क्रेडिट और नेशनल लेवल पर 17 क्रेडिट शामिल हैं।



## शंघाई में होने वाले वर्ल्ड कप का टिकट

यदि विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होता है, तो उन्हें प्रशिक्षण के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि या विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला, रीजनल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जीत दर्ज करने वाले प्रतिभागियों को विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता इस वर्ष शंघाई (चीन) में आयोजित की जाएगी।

## 30 को हुई थी परीक्षा

यह प्रतियोगिता 30 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें 63 विभिन्न स्किल ट्रेड के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। राज्य स्तर पर चयनित विद्यार्थी आगे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे और वहां से चयन होने पर विश्व स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पोदार इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



इन्दौर। सुपरिचित शैक्षणिक संस्था पोदार इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर का वार्षिकोत्सव उत्साह, उर्जा, एवं उमंग के वातावरण में संपन्न हुआ। इस पोदार उत्सव की थीम फ्रफेण्डशिप कोडफ्र थी। कार्यक्रम की शुरुआत मध्य प्रदेश गीत से हुयी। पोदार उत्सव दो दिन के चार ईवेंट के माध्यम से संपन्न हुआ।

इसमें ÷रामायण÷ की विशेष प्रस्तुति को सभी ने मुक्त कंठ से सराहा। इसके साथ-साथ फ्रेण्डशिप कोड के अंतर्गत पार्टी डाँस, ऑल इज वेल, आरंभ प्रचंड, हम तो है आंधी, कृष्ण सुदामा, न्यू डॉस फ्यूजन, बिन बोले मन डोले तथा विशेष गीत-संगीत प्रस्तुति ने सभी उपस्थितों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पोदार उत्सव में विशेष अतिथि के रूप मे श्रीमति स्वाति काशिद, मेजर डॉ सम्हिता भूषण, श्री एस के एस. बैस, महेन्द्र तायडे,राजेश्वर शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीनियर कॉडिनेटर श्रीमति रीतू यादव ने शाला-प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विभिन्न सत्रों का संचालन डॉ. वैशाली द्विवेदी तथा आभार प्रदर्शन श्रीमति दर्शना पुरोहित व श्रीमति पूनम शर्मा ने किया। कार्यक्रम में इंटरनेशनल ÷ब्रैनोलॉजिस्ट÷ अखिलेश बैतूले, डायरेक्टर ट्रेनी-ओ-ब्रेन, द्वारा मिड ब्रेन एक्टिवेशन विधा की पोदार के छात्रों के सहायता से विशेष प्रस्तुति दी, । कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु, प्राचार्य सुधीर महाजन के नेतृत्व में एडमिन ऑफीसर सचिन नर्निया, रिचा ओझा, त्रिसा चारण, डॉ. किर्ती सारस्वत, विपीन चतुर्वेदी, पंखुडी बडगोत्या, ईशा सिंह तथा पोदार फैकल्टी द्वारा विशेष प्रयास किए गए।

## विष्णुपुरी रहवासी संघ, द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया गया



इंदौर। विष्णुपुरी रहवासी संघ, मां अहिल्या उद्यान समिति द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पार्षद पति, भाजपा नेता सुनील हार्डिया , चरणजीत सिंह आहूजा की उपस्थिति में झंडावंदन किया गया।

इस अवसर पर अशोक बिनवानी, परविंदर सिंह भाटिया, बलजीत सिंह साहनी मुन्ना वर्मा पहलवान, राजेश वर्मा, पीसी अग्रवाल ,महेंद्र अरोड़ा अभिलाष शुक्ला ,डॉक्टर गिरीश सिंघल अमरजीत सिंह कलसी ,अतुल जोशी , डॉक्टर प्रभा शुक्ला, साधना शुक्ला, अशोक दशोरे, अशोक शर्मा, हरीश कुकरेजा, पवन अग्रवाल मोहन केलकर मलकीत सिंह सैनी अतुल कुलकर्णी धर्मेंद्र जादौन, सोनी, संजय खंडेलवाल,नवदीप सिंह सैनी एवम विष्णु पुरी रहवासी संघ के सभी सदस्यों की उपस्थिति दर्ज रही।

## देवास नाका ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसो ने गणतंत्र दिवस मनाया

इंदौर। देवास नाका ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष की तरह गणतंत्र दिवस मनाया गया।



अध्यक्ष चतर सिंह भाटी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति मुन्नालाल यादव, विशेष अतिथि कमल कुमार तिवारी शासकीय अभिभाषक, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम के आतिथ्य में झंडावंदन किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में ट्रांसपोर्ट व्यवसाई सदस्यों के हितों की बात भी कही।

अध्यक्ष चतर सिंह भाटी संरक्षक किशन मरवाह , मोहन सिंह चौधरी ओम प्रकाश शर्मा , राम मेहर चौधरी , महावीर कास्वान , पदाधिकारी उपाध्यक्ष राजेश सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष रमेश कुमार मनिठिया, सचिव प्रवीण सिंह राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य कमलाकांत शुक्ला, नितिन शर्मा, सत्य कुमार शर्मा ,आशीष कुमार दुबे , जय भगवान शर्मा , पीके चौधरी , पवन कुमार शर्मा , राजाराम जोगी , दयाल सिंह , मीडिया प्रभारी भरत कुमार शर्मा एवम देवास नाका ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

## तंतुवाय वैश्य कोरी समाज इन्दौर द्वारा मनाया गया गणतंत्र दिवस



इन्दौर। 26 जनवरी 77वां गणतंत्र दिवस का राष्टीय पर्व तंतुवाय वैश कोरी समाज इन्दौर के तत्वावधान में लोधी मोहल्ला, जेल रोड पर बड़े ही हर्षौउल्लास के साथ समाज के वरिष्ठ समाज सेवियों व मार्त शक्तिऔ के सानिध्य मे मनाया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष रवि वर्मा द्वारा सभी वरिष्ठ जनो का तीरंगी दुपट्टे के स्वागत किया गया, जिसमे मुन्नालाल वर्मा, रामचंद्र वर्मा, गणेश वर्मा, तुलसीप्रसाद बडकूल, जयनारायण वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, कैलाशचंद चौधरी, ओमप्रकाश धीमान, हेमराज वर्मा, दयाराम सोमेश, संजय वर्मा,डीडी गुडसरिया, जानकीलाल पटेरिया, कमल मेहर, राकेश मेहर, इश्वर लाल सनोटिया, घनश्याम मेरिया, मयंक वर्मा, अजय वर्मा,आदि समाज जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन महासचिव गणेश वर्मा ने किया। आभार जयनारायण वर्मा ने व्यक्त किया।

## गणतंत्र दिवस मनाया

इन्दौर। ब्रिलियंट हायर सेकेण्डरी स्कूल खातीवाला टैंक इंदौर में



गणतंत्र दिवस हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षाविद साहित्यकार लेखक कवि फिल्म एक्टर समाज सेवी डॉ संजय कुमार मालवी आदर्श ने ध्वज फहराया ।

डॉ संजय कुमार मालवी के मुख्य आतिथ्य में कार्यकम का आयोजन किया गया। उप प्राचार्य श्री राजेश कोडवानी ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए सुंदर राष्ट्र भक्ति गीत सुनाया।डॉ संजय कुमार मालवी ने बताया कि हमारा गणतंत्र संप्रभु राष्ट्र की उम्र ज्यों ज्यों बढ़ रही है त्यों त्यों नव पीढ़ी इसको भूल रही है।प्राचार्य इशित कुमार ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यकम का संचालन श्रीमती शिल्पा जैन ने किया।

## डॉ संजय कुमार मालवी सम्मानित

इन्दौर। श्री सत्य इंदिरा फाउंडेशन जयपुर राजस्थान द्वारा डॉ संजय कुमार मालवी को उनकी राष्टीय सेवा, मानव उत्थान,मानव कल्याण एवं



आवश्यकता वाले बच्चो को निःशुल्क शिक्षा सहायता,वृद्धाश्रम अनाथालय में गर्म कपड़े वितरण, गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर गणतंत्र दिवस पर राष्टीय सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर वृहद श्रीमाल समाज उत्थान समिति केंद्रीय मंडल अध्यक्ष गोपाल महाजन, दसा श्रीमाली वैष्णव वणिक समाज बुरहानपुर के अध्यक्ष दिनेश तारकस,एडवोकेट आशीष मशरूवाला,हाई कोर्ट एडवोकेट काजोल श्रॉफ, उमेश हार्डिया,मध्यप्रदेश अशासकीय शिक्षण परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण सलवाडिया, किशोर गुप्ता,फिल्म एक्टर डायरेक्टर प्रोड्यूसर मुकेश आर के चौकसे,रोटरी अंतर्राष्टीय डिस्ट्रिक्ट 3040 के रो अजय जैन,रो राजेंद्र सिंघी, रो सरजीव भाई पटेल,उद्योगपति प्रदीप अग्रवाल द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

## शांति निकेतन रहवासी संघ ने गणतंत्र दिवस मनाया



इंदौर। शांति निकेतन रहवासी संघ बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे, विजय नगर इंदौर में गणतंत्र दिवस मनाया गया।

अध्यक्ष प्रदीप बंसल सचिव प्रमिला अग्रवाल ने बताया कि झंडावंदन के साथ ही स्पोर्ट्स का भी आयोजन किया गया जिसमे बच्चो से लेकर बड़ों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। बच्चो और महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम संयोजक आशीष तिवारी एवम रूपाली तिवारी के प्रयासों से गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम सानंद सपन्न हुआ।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पालदा में गणतंत्र दिवस



इन्दौर। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पालदा में 77वां गणतंत्र दिवस, प्राकट्योत्सव एवं सांसद निधि से निर्मित कक्ष का लोकार्पण समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य, डॉ. साकेत जती (ऑर्थो, अरविंदो हॉस्पिटल) एवं प्रवीण पाराशर (विभाग समन्वयक, इंदौर विभाग) के विशेष आतिथ्य तथा सुभाष गुप्ता (अध्यक्ष, केशव शिक्षा परिषद् इंदौर) की अध्यक्षता में झंडावंदन से हुआ। मुख्य अतिथि श्री लालवानी ने विद्यालय के संस्कार पक्ष की सराहना करते हुए बताया कि वे स्वयं शिशु मंदिर के पूर्व छात्र हैं तथा विद्यालय की आवश्यकताओं के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। विशेष अतिथि डॉ. जती ने कार्यक्रम की उत्कृष्टता हेतु आचार्यों की प्रशंसा की। प्रांतीय अतिथि ने मातृभाषा में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## थाना पलासिया एव थाना राजेंद्र नगर में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम



इंदौर। भारतीय मानव अधिकार परिषद, इंदौर टीम द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना पलासिया एव थाना राजेंद्र नगर में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष हाजी सलीम शेख के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस दौरान परिषद के सदस्यों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा संविधान और राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीमा ओझा, मंजू शर्मा, संजय अरोड़ा, राकेश अरोड़ा, रितु छाबड़ा, अलीशा खान, तौसिफ शेख, ब्रजेश पारोचे, सरदार मोहन सिंह, रितिक अरोड़ा ,एवं शिवम अरोड़ा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्साह चौराहे गणतंत्र दिवस मनाया



**इन्दौर।** समाजसेवी राजेंद्र धनोतिया राजू भैया ने बताया कि नवोदय विद्यालय के छात्रों शिक्षकों द्वारा हर साल धूमधाम से राष्टीय त्यौहार मनाए जाते हैं। झंडावंदन किया गया और सभी को स्वल्पहार दिया गया।पार्षद सीमा चौधरी, भाजपा नेता संजय चौधरी, और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**प्रेसीडेंसी हायर सेकेंडरी स्कूल की स्टूडेंट पुलिस कैडेट छात्राओं को सम्मानित किया** - 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन नेहरू स्टेडियम में हुआ जिसमें प्रेसीडेंसी हायर सेकेंडरी स्कूल की स्टूडेंट पुलिस कैडेट छात्राओं को गणतंत्र दिवस समारोह - 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश सिंह, श्रीमतीअपूर्वा किलेदार, रक्षित निरीक्षक श्री दीपक पाटिल व सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर उपस्थित रहे।

# बुढ़ार में आदिवासी की जमीन पर अमीरों की नजर, तीन पीढ़ियों से रह रहे परिवार को घर तोड़ने और जान से मारने की धमकी

**शहडोल (अविनाश शर्मा)।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरलिया बाग रोड पर स्थित एक आदिवासी परिवार की पुश्तैनी जमीन और उस पर बने प्रधानमंत्री आवास को लेकर विवाद गहरा गया है। पीड़ित आदिवासी युवक ने स्थानीय निवासी राजेश चमड़िया पर मकान खाली कराने के लिए जान से मारने की धमकी देने, घर का ताला तोड़ने और जबरन कब्जा करने की कोशिश करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक (स्क्क) शहडोल को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## क्या है पूरा मामला ?

बुढ़ार के मुरलिया बाग रोड निवासी प्रार्थी पुष्पेन्द्र कोल (पिता हीरालाल कोल) ने अपनी शिकायत में बताया कि वह और उसका परिवार पिछले तीन पीढ़ियों से उक्त भूमि पर निवासरत है। इसी जमीन पर शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रधानमंत्री आवास' के तहत उनका पक्का मकान भी बना हुआ है, जिसका नगरपालिका टैक्स भी उनके पिता के नाम से नियमित रूप से जमा होता आ रहा है।

पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय निवासी राजेश चमड़िया (पिता पवन चमड़िया) द्वारा उन पर यह कहकर घर खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है कि यह अवैध कब्जा है। प्रार्थी के अनुसार, आरोपी ने धमकी दी है कि यदि मकान खाली नहीं किया तो पूरे परिवार को झूठे केस में फंसा दिया जाएगा या जान से मरवा दिया जाएगा।




## 20-25 लोगों के साथ घर में घुसने और जेसीबी बुलाने का आरोप

पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन में पुष्पेन्द्र कोल ने बताया कि दिनांक 28 जनवरी 2025 को दोपहर करीब 2 बजे घटना ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि राजेश चमड़िया अपने साथ 20-25 अज्ञात लोगों और पटवारी को लेकर मौके पर पहुंचा। दबंगों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और जेसीबी मशीन बुलाकर मकान को तोड़ने का प्रयास किया।

## सीसीटीवी लगाकर निगरानी और जबरन हस्ताक्षर की कोशिश

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी द्वारा पीड़ित के घर के ठीक सामने सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए गए हैं, ताकि उनके परिवार की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। प्रार्थी ने बताया कि पूर्व में उसे पकड़कर जबरन किसी कागज पर हस्ताक्षर कराने की कोशिश भी की गई थी, जिसके बाद वह वहां से जान बचाकर भागा था।

## जान-माल का खतरा, एसपी से मांगी सुरक्षा

आदिवासी परिवार का कहना है कि आरोपी रसूखदार है और कभी भी उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकता है। पूरा परिवार इस समय भय के साये में जीने को मजबूर है। पुष्पेन्द्र कोल ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए और उनके परिवार की जान-माल की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

इस मामले में पुलिस की जाँच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी कि क्या वैधानिक दस्तावेजों की अनदेखी कर आदिवासी परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है।

# सिविल अस्पताल मुंगावली में 1 महीने से बंद पड़ी सोनोग्राफी

## गर्भवती महिलाएं हो रही परेशान सोनोग्राफी के लिए जाना पड़ रहा 55 किलोमीटर दूर

**अलीम डायर मुंगावली।** अशोकनगर जिले अंतर्गत आने वाले सिविल अस्पताल मुंगावली में लगभग 1 महीने से अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी बंद पड़ी है जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को उपचार में असुविधा हो रही है उन्हें सोनोग्राफी करवाने के लिए 55 किलोमीटर दूर जिला अशोकनगर जाना पड़ रहा है जिससे गर्भवती महिलाओं को कई दिक्कत हो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

तो वही आपको बता दें सिविल हॉस्पिटल मुंगावली में डॉक्टर अमित पांडे पर अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी का चार्ज था सारा काम वही देखते और संभालते थे। लेकिन लगभग 1 महीने पहले डॉक्टर अमित पांडे का अटैचमेंट सिविल हॉस्पिटल मुंगावली से जिला अस्पताल अशोकनगर में कर




दिया गया है। और सोनोग्राफी कक्ष में ताला डालकर एक नोटिस चश्मा कर दिया गया है कि अगले आदेश तक सोनोग्राफी बंद रहेगी जिससे सिविल अस्पताल मुंगावली में आने वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार के दौरान कई दिक्कतो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सिविल हॉस्पिटल मुंगावली में सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध है लेकिन डॉक्टर नहीं है इसका प्रभाव मुंगावली ब्लॉक के एक बड़े क्षेत्र पर पढ़ रहा है जिससे यहां के मरीज लगभग 55 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पर जाने को मजबूर है। सिविल हॉस्पिटल मुंगावली में सोनोग्राफी चालू करने के संबंध में जब मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कुछ दिन में ही यह चालू होने वाली है।

अब सोचने वाली बात यह है कि जब डॉक्टर अमित पांडे का अटैचमेंट जिला अस्पताल कर दिया था तो जिला प्रशासन को तुरंत यहां दूसरा डॉक्टर या कोई ऑप्शन रखना था जिससे सोनोग्राफी बंद नहीं होती और मरीजों को सुविधा मिलती रहती। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। और इसका खामीयाजा मरीज परेशान होकर चुका रहे हैं। अब देखना यह है कि पिछले 1 महीने से तो सोनोग्राफी बंद पड़ी है और कितने दिन गर्भवती महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

## फतेह स्पोर्ट्स क्लब आलीराजपुर में पटेल ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**आलीराजपुर(मनीष अरोडा )।** जिले के फतेह स्पोर्ट्स क्लब परिसर में आयोजित बहुप्रतिक्षित पटेल ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारंभ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल के करकमलों द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर पटेल ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया, उन्हें शुभकामनाएँ दीं और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजेता टीम के लिए ?1,50,000 तथा उपविजेता टीम के लिए ?71,000 की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। बड़ी इनाम राशि के कारण खिलाड़ियों और टीमों में विशेष उत्साह एवं प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।उल्लेखनीय है कि पटेल ट्रॉफी का यह भव्य आयोजन पिछले पाँच वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसने क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। इस वर्ष प्रतियोगिता में गुजरात, महाराष्ट्र और इंदौर की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे मैचों का स्तर और अधिक रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। बाहर से आई टीमों की भागीदारी ने आयोजन को अंतरराज्यीय स्वरूप प्रदान किया है। यह आयोजन पुष्पराज पटेल, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस आलीराजपुर द्वारा लगातार पाँच वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना, क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं दर्शक उपस्थित रहे। दर्शकों के उत्साह और खिलाड़ियों के जोश ने पूरे मैदान का वातावरण खेलमय बना दिया।पटेल ट्रॉफी आज क्षेत्र के युवाओं के लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रतिभा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण मंच बन चुकी है, जो आने वाले समय में और भी बड़े स्वरूप में आयोजित होने की उम्मीद है।

# भाजपा सरकार के विकास संकल्प को मिला साकार रूप

## कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया 25 करोड़ 91 लाख से बनने वाली दो सड़कों का भूमिपूजन

**आलीराजपुर(मनीष अरोडा )।**

विकसित भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए विकसित ग्राम और आत्मनिर्भर ग्राम होना जरूरी है। ग्राम को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं होना अनिवार्य है।





ओर हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुझे साफ साफ कहा है कि आलीराजपुर जिले के हर ग्रामीण क्षेत्र को विकसित और आत्मनिर्भर करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी आप काम बताओ मैं हमारी भाजपा सरकार उस काम को पूरा करवाएंगी।

यह बात आज जिले में भाजपा सरकार के विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान द्वारा गुरुवार को 25 करोड़ 91 लाख 89 हजार लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि विकासखंड आलीराजपुर के अंतर्गत ग्राम बड़दला क्यारा फलिया से ग्राम खबड़ी तक 7.70 किलोमीटर लंबी सड़क का भूमिपूजन किया गया, जिसकी कुल लागत ?12 करोड़ 62 लाख 76 हजार है। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग के रूप में कार्य करेगी। वहीं विकासखंड सोंडवा के अंतर्गत ग्राम फड़तला मिडिल स्कूल से थोड़ सिंधी होते हुए नेवा माता मंदिर (फड़तला) तक 9.50 किलोमीटर लंबी सड़क का भूमिपूजन किया गया, जिस पर 13 करोड़ 29 लाख 13 हजार की लागत आएगी। यह दोनों मार्ग धार्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा ग्रामों के सर्वांगीण विकास को नई गति प्राप्त होगी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं होतीं, बल्कि ये शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करती हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्राम आत्मनिर्भर बनेंगे, स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंच मिलेगी तथा ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर गांव, गरीब और किसान के हित में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सड़क स्वीकृति एवं भूमिपूजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार एवं कैबिनेट मंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंदरसिंह चौहान, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश सस्तिया, आजाद नगर मंडल अध्यक्ष नारायण अरोड़ा, वरिष्ठ नेता मांगीलाल रावत सहित कई सरपंच, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# शहडोल जिले को कुपोषण मुक्त करने अधिकारी करें समन्वित प्रयास-कमिश्नर

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत घर-घर संपर्क कर प्राप्त करें आवेदन तथा पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित- कमिश्नर

**शहडोल ( अविनाश शर्मा ) ।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कलेक्टर कार्यालय शहडोल के विराट सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभागीय योजनाओ के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए समन्वित प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी एनआरसी में उपलब्ध बेड में कुपोषित बच्चो को भर्ती कराना सुनिश्चित करें। हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिंहाकन कर प्रसवकाल में होने वाली 4 जांचें सुनिश्चित कराई जाएं। जांच के दौरान हाई रिस्क, एनेमिक तथा हाईपरटेंशन वाली माताओं का चिन्हांकन कर प्रसवकाल के 50 दिन पूर्व से गहन मानीटरिंग कर अस्पताल में भर्ती कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि हाई रिस्क गर्भवती माताओं से संबंधित क्षेत्र के सीएचओ नियमित रूप से उनके स्वास्थ्य संबंधी फीडबैक लें तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता फॉलोअप करते हुए उनके संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि ऑगनवाड़ी में बच्चो की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बच्चो के अभिभावको से घर-घर जाकर संपर्क करे और ऑगनवाड़ी केंद्रो में बच्चो की उपस्थिति बढाए। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि शहडोल जिले में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग की संख्या बढाई जाए एवं सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित व्यक्तियो का फालोअप करते हुए उनका समुचित उपचार कराएं।

कमिश्नर ने 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक जिले में चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान का संचालन प्रभावी तरीके से किया जाए। गठित दल घर-घर संपर्क कर विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों एवं जन समस्याओं के आवेदन प्राप्त कर पोर्टल में फीड करें। जिन आवेदनों का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर संभव है उनका निराकरण भी करें। लोगो को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी देते हुए उन्हें योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें जिससे प्रत्येक पात्र हितग्राहियो को शासन द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि




संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरो में समग्र-ईकेवाईसी, फामर्र रजिस्ट्री जैसे अन्य कार्यों को भी जोड़े।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतो को प्राथमिकता के साथ अंटेड करें और उसका निराकरण समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने पीएम जनमन योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत किये जा रहे कार्य गुणवत्ता के साथ हो यह सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्माणाधीन ऑगनवाड़ी भवनों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को दिए। उन्होंने समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी लोगो के समग्र आईडी बनाए तथा नये लोगो की समग्र आईडी बनाने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने नगरीय निकायो में पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासो की समीक्षा कर, निर्माणाधीन आवासो को हितग्राहियो से संपर्क कर जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश भी अधिकारियो को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने धान के उपार्जन, भण्डारण, परिवहन, खरीदी, जिले में संचालित गौशालाओ, एसएनसीयू में भर्ती बच्चो की स्थिति, अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राहत राशि का वितरण, छात्रवृत्ति, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्व निधि योजना, पीएम उज्जवला योजना, दिव्यांग शिविरो, एमपीआरडीसी के कार्य, जल जीवन मिश्न के कार्यो सहित अन्य विभागो द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए विभागीय अधिकारियो को दिए।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत समय सीमा से बाहर होने वाली सेवाओं की नियमित मानीटरिंग की जा रही है। यथा संभव अधिसूचित सेवाओं को समय सीमा में ही दिए जाने के प्रयास किए जाते हैं। आपने बताया कि जिले में वर्तमान में 18 गौशालाएं संचालित हैं। शीघ्र ही 09 गौशालाओं को संचालित कर दिया जाएगा। जिले में चिन्हित कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर को बच्चों की नियमित मानीटरिंग करनें तथा उन्हें अभिभावकों के माध्यम से दवाईयां एवं पोषण आहार उनकी डाईट में शामिल कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के विभिन्न घटकों में जो आवास पूरे नहीं हुए हैं। उनकी नियमित रूप से मानीटरिंग करने के निर्देश संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए गए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान, एक बगिया मां के नाम तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनाए जा रहे आवास, आगंनवाड़ी, वन धन केन्द्र, पहुंच मार्ग, मोबाईल टॉवर, मोबाईल चिकित्सा यूनिट तथा बैगा बस्तियों में घर-घर बिजली कनेक्शन के प्रगति की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा, सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहें।

# आईएमए का बंडा में रक्तदान शिविर: 36 यूनिट रक्त संग्रहित

**सागर (अनुराग शर्मा)। सामाजिक जिम्मेदारी और मानव सेवा की भावना को मजबूत करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सीएचसी बण्डा (रहली) में एक विशेष रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।**

इस शिविर में बड़ी संख्या में डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 36 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।




### विभिन्न अस्पतालों में आएगा जरूरतमंदों के काम

यह रक्त विभिन्न अस्पतालों में आपातकालीन स्थितियों, शल्य चिकित्सा, दुर्घटनाओं, कैंसर, एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संचालक डॉ. नीना गिडियन ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि, 'रक्तदान केवल एक कार्य नहीं, बल्कि जीवनदान है। एक यूनिट रक्त को उसके विभिन्न घटकों–रेड ब्लड सेल्स, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स आदि–में विभाजित करने पर यह तीन अलग-अलग मरीजों की जान बचा सकता है। शल्य चिकित्सा, सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर रक्ताल्पता और कैंसर जैसी बीमारियों में रक्त की आवश्यकता हर समय बनी रहती है। '

### रक्तदान से शरीर होता है स्वथ्य

आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने रक्तदान के दोहरे लाभ पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'रक्तदान से न केवल प्राप्तकर्ता मरीजों को लाभ मिलता है, बल्कि रक्तदातादाता को भी कई स्वास्थ्यवर्धक फायदे होते हैं। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन का स्तर संतुलित रहता है, जिससे हृदय संबंधी जोखिम कम होता है। साथ ही, रक्तदान के दौरान एचआईवी, हेपेटाइटिस बी एवं सी जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांच हो जाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रक्तदान करने से दाता को मानसिक संतोष और आत्म-सम्मान की अनुभूति होती है। ग्रामीण क्षेत्रों जैसे बण्डा में ऐसे शिविर आयोजित करने से लोगों में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियां–जैसे 'रक्त देने से कमजोरी आ जाती है' या 'बीमार हो जाएंगे'– दूर होती हैं और लोग आगे आकर सहयोग करते हैं। '

जिला चिकित्सालय सागर के ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ एम के जैन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और इसे प्रयोगशाला में बनाया भी नहीं जा सकता। इसलिए केवल स्वैच्छिक रक्तदाताओं के माध्यम से ही अस्पतालों में निरंतर और सुरक्षित रक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसे शिविरों से यह संदेश दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचता है कि रक्तदान एक सुरक्षित, सरल और नेक कार्य है। ' शिविर में डॉ.कुलदीप सिंह, डॉ लकी जैन ,डॉ. सजल जैन , डॉ प्राची अग्निहोत्री सहित अन्य चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, आशा कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आमजन ने सक्रिय भागीदारी की। स्वास्थ्य विभाग और आईएमए के संयुक्त प्रयासों से शिविर सुचारु रूप से चला और सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। यह आयोजन न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और एकजुटता का संदेश देने में भी सफल रहा। आईएमए सागर ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बनाई है, ताकि सागर जिले के हर कोने में रक्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो बिना किसी खर्च के किसी की जान बचा सकता है।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत मोटरसाइकिल से जागरूकता रैली का आयोजन

**आलीराजपुर(मनीष अरोडा )।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने, फसल विविधीकरण, इस टोकन व्यवस्था से उर्वरक का वितरण, सॉइल हेल्थ कार्ड की अनुशंसा के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने, प्रधानमंत्री धन धन योजना का प्रचार-प्रसार, खेती को लाभ का धंधा बनाने, दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्र को बढ़ाने, के उद्देश्य से किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कार्यालय से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कहा कि जिले के किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक व जैविक खेती पर्यावरण हितैषी होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इस प्रकार की खेती में गोबर खाद, नीम की खाद जैसी जैविक खादों का उपयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद प्राप्त होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मध्य प्रदेश राज्य मिलेट्स मिशन योजना 2025-26 के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना तथा इसकी जानकारी किसानों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। मोटरसाइकिल रैली कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तपीस पांडे,कृषि विभाग के उप संचालक कृषि सज्जन सिंह चौहान, आत्मा परियोजना दादू मोरे,आलीराजपुर तहसीलदार श्रीमती सविता राठी, नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, सहकारिता विभाग जी.एल. सोलंकी सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## दो नाबालिक बहनों का बाल विवाह रुकवाया



**नीमच(नरेन्द्र गहलोत )।** कलेक्टर नीमच श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि सुश्री अंकिता पंड्या के मार्गदर्शन में एसडीएम श्री संजीव साहू के पर्यवेक्षण में परियोजना अधिकारी नीमच ग्रामीण श्री इरफान अंसारी के नेतृत्व में संयुक्त दल द्वारा 2 बहनों का बाल विवाह रुकवाया गयाहै। जिला कर्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि 28 जनवरी 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 29 जनवरी 2026 को ग्राम जवासा में 2 बहनों का विवाह होने वाला है जिसमें एक बारात राजस्थान से और दूसरी बारात मोरका विकासखंड जावद से आना है। दोनों ही लड़कियां 16 व 17 वर्ष की है और राजस्थान की निवासी है परंतु विवाह हेतु अपने मामा के घर जवासा में परिवार के साथ आई है । संयुक्त दल में उप निरीक्षक श्री मदनलाल सिंघाड़, राजस्व निरीक्षक श्री अक्षय शर्मा, पंचायत समन्वय अधिकारी श्री एन.के. कुमार शर्मा, पर्यवेक्षक श्रीमती इंदु सोनी, श्रीमती पिंकी भाटिया, पटवारी श्री मनोज चौहान, स्वास्थ्य सेक्टर सुपरवाइजर श्री सुरेश कारपेंटर, एमपीडब्ल्यू श्री विनोद तिवारी, पंचायत सचिव श्री मेघवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नागकन्या सेन, आशा कार्यकर्ता संगीता मालवीय ने। मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी एवं बताया गया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। मौके पर उपस्थित बालिकाओं के पिता एवं ननिहाल पक्ष के व्यक्तियों द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उनके पास बालिकाओं की आयु संबंधी कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं है तथा दोनों बालिकाओं की आयु 18 वर्ष से कम है।कानून की जानकारी प्राप्त होने के पश्चात बालिकाओं के पिता एवं ननिहाल पक्ष द्वारा यह सहमति व्यक्त की गई कि प्रस्तावित विवाह को स्थगित किया जा रहा है तथा भविष्य में यदि समय पूर्व विवाह कराया जाता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। उक्त संबंध में मौके पर पंचनामा तैयार किया गया।

# हाई-सिक्योरिटी जेल की सुरक्षा में बड़ी चूक, रोशनदान तोड़ दो बंदी फरार

## 25 फीट बांस और कंबल से बनाई रस्सी, जिला जेल अयोध्या से फरारी ने उठाए गंभीर सवाल

**अयोध्या / उत्तर प्रदेश (महेंद्र त्रिपाठी)।** जिला जेल अयोध्या की हाई-सिक्योरिटी व्यवस्था उस वक्त सवालों के घेरे में आ गई, जब विशेष चार नंबर बैरक से दो बंदी फरार हो गए। इस घटना ने जेल प्रशासन की सुरक्षा तैयारियों की पोल खोल दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों बंदियों ने बैरक के रोशनदान की ईंट तोड़कर फरारी की योजना को अंजाम दिया।




फरारी के दौरान उन्होंने पहले से जुटाए गए संसाधनों का इस्तेमाल किया। मौके से 25 फीट लंबा बांस, 30 फीट सरिया और एक कंबल बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि कंबल को रस्सी का रूप देकर दोनों बंदियों ने जेल की ऊंची बाउंड्री वॉल पार की।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी भारी और संदिग्ध सामग्री बैरक तक कैसे पहुंची और इसकी जिम्मेदारी किसकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी जेल शैलेंद्र कुमार मैत्रीए स्वयं जिला जेल पहुंचे और निरीक्षण किया।

फरार बंदियों की तलाश के लिए पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में ली गई है।

**शैलेंद्र कुमार मैत्रीए, डीआईजी जेल**

'यह घटना सुरक्षा में गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। '

## यूजीसी सर्वव्यापी क्षत्रिय महासभा ब्राह्मण महासभा अग्रवाल महासभा श्रीवास्तव महासभा अन्य महासभा के अध्यक्ष एवं छात्र संगठन वीरपुर के द्वारातहसीलदार श्री रामनिवास रायपुरिया को सबने मिलकर ज्ञापन सोपा



**श्योपुर (जेपी शर्मा )।** भारत सरकार द्वारा लगाए गए u g c काला कानून के विरोध में यूजीसी सर्वव्यापी क्षत्रिय महासभा ब्राह्मण महासभा अग्रवाल महासभा श्रीवास्तव महासभा अन्य महासभा के अध्यक्ष एवं छात्र संगठन वीरपुर के द्वारा आज दोपहर 2:00 बजे तहसील कार्यालय पहुंच कर तहसीलदार श्री रामनिवास रायपुरिया को सबने मिलकर ज्ञापन सोफा ज्ञापन में 1 फरवरी को वीरपुर बंद करने हेतु आवान किया ज्ञापन देने वालों में श्याम सिंह सिकरवार उत्तम सिंह जादौन चंदा सिंह यादव पवन चतुर्वेदी रामप्रकाश सिकरवार अजीत सिंह जादौन गोपाल सिंह जादौन शिवम चतुर्वेदी जानू जादौन सतीश शर्मा पत्रकार गोपाल पाराशर अजय बाबरिया जगदीश शर्मा सतीश अवस्थी महेश चंद बंसल अग्रवाल महासभा अध्यक्ष गिर्राज गर्ग गिरीश गर्ग रामकुमार मंगल सीताराम बंसल श्रीनिवास मंगल नागेंद्र मोहन सिंगल मुकेश बंसल राजेश जादौन पंकज महेरे विष्णु गर्ग सोनू बरवरिया बनवारी लाल गोयल संतोष दंडोतिया बाल स्वरूप चौबे वीरेंद्र दंडोतिया रानू सिंगल अमित सिंगला श्याम कुमार बंसल मोहन गोयल महावीर जिंदल दिनेश सिंघल संतोष गुप्ता श्रीनिवास मंगल धर्मेंद्र पाठक बृजमोहन लाल शुक्ला नारायण शर्मा बबलू चतुर्वेदी मुकेश मिश्रा मुकेश मिश्रा शैलेंद्र श्रीवास्तव अरबिला श्रीवास्तव मुन्नालाल श्रीवास्तव मनीष मिश्रा मोहित गुप्ता वेदांत शर्मा शंकर तिवारी निखिल गर्ग

## भाटखेडा फंटा से जावद फंटा तक निर्माणाधीन सडक पर लगाये गये डायवर्सन बोर्ड

**नीमच (नरेन्द्र गहलोत)।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा भाटखेडा फंटा से जावद फंटा तक निर्माणाधीन मार्ग के विभिन्न चौराहों भाटखेडा फंटा, जमुनियाकला, हिंगोरिया फाटक, जावद फंटा, डुंगलावदा, सीआरपीटी चोराहा, स्पेंटा पेट्रोल पंप, मैसी शोरूम आदि जगहो पर सडक निर्माण ठेकेदार से समन्वय कर डायवर्सन बोर्ड, यातायात संकेतक चिन्ह, निर्माण कार्य प्रगति पर आदि बोर्ड लगवाये गये है । ताकि आमजनों को अनावश्यक समस्यासओं का सामना न करना पडे तथा सडक दुर्घटनाओं को कम किया जा सके ।




यातायात पुलिस आमजनों से अपील करती है कि निर्माणाधीन रोड पर आवागमन के समय अपने वाहन को ध्यानपुर्वक चलाये, अपने वाहनों को तेजगति में न चलाये, निर्माणाधीन सडक से गुजरने पर गडढों आदि का ध्यान रखते हुए अपने वाहनों को सावधानीपूर्वक चलाये, रा?त्री के समय वाहन चलाते समय विशेष ध्यान रखे, यातायात नियमों का पालन करे व लगाये गये संकेतक बोर्ड के निर्देशों का पालन करे, हमें सहयोग प्रदान करे ।

## बदेरा पुलिस पर गंभीर आरोप, पीड़ितों की फरियाद अनसुनी करने का दावा

**मैहर।** बदेरा थाना पुलिस के कथित कारनामों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ितों का आरोप है कि थाना क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं पर पुलिस आंख मूंदे बैठी है और आम जनता की शिकायतों की अनदेखी करना उसकी आदत बन चुकी है।सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कब तक जिले के वरिष्ठ अधिकारी बदेरा पुलिस के इन कारनामों पर पर्दा डालते रहेंगे?मामला चाहे नादन देहात के चर्चित रेडियम पट्टी कांड का हो या फिर बदेरा थाना क्षेत्र में आम नागरिकों की पीड़ा का—हर बार पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में रही है। पीड़ितों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो समय पर कार्रवाई होती है और न ही फरियाद सुनी जाती है।ताजा मामला ग्राम लटागांव निवासी कृष्ण कुमार वर्मन की शिकायत से जुड़ा बताया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि उसने बदेरा थाने में अपनी समस्या को लेकर फरियाद दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने न तो मामले को गंभीरता से लिया और न ही कोई ठोस कदम उठाया।इससे पीड़ित मानसिक रूप से परेशान है और न्याय की आस में दर-दर भटकने को मजबूर है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बदेरा थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर लंबे समय से नाराजगी बनी हुई है। जनता का भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है, जो कानून-व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है।अब देखना यह होगा कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और बदेरा पुलिस की कार्यशैली पर कब तक चुप्पी साधे रहते हैं, या फिर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई की जाती है।

# डीएफसी न्यू मारवाड़ स्टेशन पर रक्तदान शिविर, 52 यूनिट रक्त संग्रह कर दिया मानवता का संदेश

## सुरक्षा विभाग के नेतृत्व में आयोजन, अधिकारियों व आमजन ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**पाली / मारवाड़ जंक्शन (राजस्थान),नगराज वैष्णव।** डीएफसी न्यू मारवाड़ स्टेशन पर मानवता की सेवा और जीवन रक्षा के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 52 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

आयोजन डीएफसी सुरक्षा न्यू मारवाड़ द्वारा निरीक्षक अखिलेश राजपुरोहित एवं निरीक्षक महावीरसिंह (डीएफसी सुरक्षा केशवगंज) के नेतृत्व में किया गया।



रक्तदान शिविर में मारवाड़ जंक्शन उपखंड अधिकारी महावीरसिंह जोधा एवं तहसीलदार शिवजीराम की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर नया मारवाड़, नया केशवगंज डीजीआर स्टाफ, डीएफसीसीआईएल मारवाड़ स्टाफ, आउवा पुलिस चौकी प्रभारी अरविंदसिंह राजपुरोहित, डीजीआर सुरक्षा स्टाफ एवं बड़ी संख्या में आमजन ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

निरीक्षक डीएफसी सुरक्षा अखिलेश राजपुरोहित ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान राजकीय बांगड़ अस्पताल, पाली की मेडिकल टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया।

रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सुरक्षा टीम न्यू मारवाड़ की ओर से मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**अखिलेश राजपुरोहित, निरीक्षक डीएफसी सुरक्षा, मारवाड़ जंक्शन**

'रक्तदान महादान है। इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। हमारा उद्देश्य पुलिसकर्मियों और आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। '

## अयोध्या को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने की नई पहल, महापौर ने किया बर्तन भंडार का लोकार्पण



**अयोध्या / उत्तर प्रदेश (महेंद्र त्रिपाठी)।** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में अयोध्या नगर निगम ने एक नई और अभिनव पहल की है। इसके तहत कृष्णानगर वार्ड में बर्तन भंडार का लोकार्पण महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप, एसवीआई फाउंडेशन एवं एसबीआई कंजर्व के सहयोग से समारोहपूर्वक किया। महापौर ने बर्तन भंडार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपते हुए कहा कि इसका उपयोग सामुदायिक आयोजनों में प्लास्टिक के विकल्प के रूप में किया जाएगा। साथ ही 'वेस्ट नो मोर इन अयोध्या' अभियान के अंतर्गत डस्टबिन का वितरण भी किया गया। महापौर ने महिलाओं को बर्तन भंडार के उपयोग और रखरखाव की जानकारी देते हुए नागरिकों से अपील की कि गीला कचरा हरे डस्टबिन और सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालें। उन्होंने बताया कि नगर निगम चार वार्डों में करीब 10 हजार डस्टबिन और कपड़े के झोले वितरित करेगा, जिससे प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि कचरा पृथक्करण और सामुदायिक बर्तन भंडार जैसी पहल स्वच्छ और सतत शहरी विकास की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन मुख्य संयोजक आलोक सिंह राना एवं एकता भटनागर ने किया। कार्यक्रम में पार्षद रमाशंकर निषाद, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### महंत गिरीशपति त्रिपाठी, महापौर अयोध्या

'बर्तन भंडार और कचरा पृथक्करण जैसी पहल से अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद मिलेगी और नागरिकों की सोच व व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आएगा। '





# समर्था सेवा समिति की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

## चिरमिरी के गोदरी पारा में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण

**एमसीबी / चिरमिरी (छत्तीसगढ़) (बृज भूषण श्रीवास्तव)।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर चिरमिरी के गोदरी पारा स्थित चीफ हाउस में समर्था सेवा समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति की अध्यक्षा श्रीमती रीता जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की गई। ध्वजारोहण के पश्चात देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।



कार्यक्रम में समिति की सचिव श्रीमती कंचन जायसवाल जी ने मंच संचालन करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और उपस्थित जनों को अपने नागरिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने देश के वीर जवानों के बलिदान को भी स्मरण कराया। इस अवसर पर महिलाओं ने हिंदी, बंगला एवं भोजपुरी भाषाओं में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। क्रीड़ा उत्सव के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए तथा अंत में सभी उपस्थितजनों को मिष्ठान वितरण किया गया।

कार्यक्रम में समिति की कई महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन को सफल बनाने में श्री संतोष आइच जी एवं बृज भूषण श्रीवास्तव जी का विशेष योगदान रहा।

### श्रीमती रीता जी (अध्यक्षा, समर्था सेवा समिति)

'गणतंत्र दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। हम सभी को समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाना चाहिए।

## आजमगढ़ के डॉक्टर अभिषेक कुमार दुबे बने मानवता की मिसाल

**आजमगढ़ / उत्तर प्रदेश (पितेश्वर कुमार)।** आजमगढ़ जिले में डॉक्टर अभिषेक कुमार दुबे मानवता और सेवा भावना की मिसाल बनकर उभरे हैं। करतारपुर क्षेत्र के पास स्थित उनकी क्लीनिक में मरीजों को कम खर्च में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वे नाक, कान और गला (ईएनटी) रोग के विशेषज्ञ हैं और अब तक हजारों मरीजों का सफल इलाज एवं ऑपरेशन कर चुके हैं।



डॉक्टर अभिषेक दुबे ने अपनी मेडिकल शिक्षा गोरखपुर से पूरी की तथा लखनऊ में भी अपनी सेवाएं दीं। अनुभव अर्जित करने के बाद वे अपने गृह जनपद आजमगढ़ लौटे और करतारपुर के पास क्लीनिक की शुरुआत की। वर्तमान में उनकी पहचान सिर्फ आजमगढ़ ही नहीं, बल्कि मऊ, बलिया, गोरखपुर सहित अन्य जनपदों तक है, जहां से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

डॉ. दुबे की क्लीनिक में आयुष्मान भारत योजना की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा सर्जरी के लिए उनका कई अस्पतालों से अटैचमेंट भी है। निजी अस्पतालों में महंगे इलाज से परेशान मरीज यहां कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण इलाज पाकर संतुष्ट नजर आते हैं।

'मरीज डॉक्टर को भगवान मानता है और डॉक्टर का कर्तव्य है कि वह पूरी ईमानदारी और सेवा भाव से इलाज करे। कई बार ऐसे मरीज भी आते हैं जिनके पास इलाज के पैसे नहीं होते, ऐसे मरीजों की भी हम पूरी मदद करते हैं। '

## खिमेल लीला देवी पारसमल संचेती कन्या महाविद्यालय में एनएसएस सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**रानी / पाली (राजस्थान) ,नगराज वैष्णव।** खिमेल लीला देवी पारसमल संचेती कन्या महाविद्यालय, विद्यावाड़ी में बुधवार को सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मरुधर महिला शिक्षण संघ के सीईओ राकेश गर्ग ने अपने स्वयंसेवी अनुभव साझा करते हुए सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पुनिता सोनी ने एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेविका खुशबू कुमारी ने 'स्वयं से पहले सेवा - मानवता का महाकुंभ' विषय पर प्रभावी भाषण दिया।

कार्यक्रम में ट्विंकल कुमारी ने गीत प्रस्तुति दी, वाणी यदुवंशी ने Empathy in Action विषय पर अपने विचार रखे, जबकि डिंपल एवं समूह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

शिविर का आयोजन प्राचार्या प्रो. डॉ. पुनिता सोनी के मार्गदर्शन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद देवड़ा एवं अनामिका के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक सिसोदिया, प्रवेश गुर्जर, डॉ. अरुण कुमार सुथार, डॉ. लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित, गीतांजलि शर्मा, अनुपमा शर्मा, डॉ. खुशबू भार्गव सहित महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

### प्रो. डॉ. पुनिता सोनी, प्राचार्या

'एनएसएस का उद्देश्य छात्राओं में सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। यह शिविर उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा।

## अवैध संबंधों के चलते भांजे ने मामी संग मिलकर की मामा की हत्या, 11 महीने बाद खुलासा

### शराब में कीटनाशक मिलाकर दी मौत, धौलपुर पुलिस ने पत्नी और भांजे को किया गिरफ्तार

**धौलपुर / राजस्थान (अनूप शर्मा)।**

धौलपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के भैंसाख गांव में हुए युवक की संदिग्ध मौत के मामले का पुलिस ने 11 महीने बाद सनसनीखेज खुलासा किया है। अवैध प्रेम संबंधों के चलते पत्नी ने अपने भांजे के साथ मिलकर पति की हत्या करवा दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।





भैंसाख गांव निवासी शंकर सिंह पुत्र वासुदेव का शव 16 फरवरी 2025 को उसके घर में मिला था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इसके बाद विसरा एफएसएल जांच के लिए भेजा गया।

एफएसएल रिपोर्ट में शंकर सिंह की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से होना सामने आया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई, जिसमें मृतक की पत्नी रूबी पर संदेह गहराया। जांच में यह भी सामने आया कि शंकर सिंह की मौत के कुछ समय बाद ही रूबी ने उसके भांजे हरेंद्र से शादी कर ली थी। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि 15 फरवरी 2025 को हरेंद्र शंकर सिंह को खेत पर ले गया, जहां उसे शराब पिलाई गई, जिसमें पहले से कीटनाशक मिला हुआ था। शराब पीने के बाद शंकर सिंह की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

### वीरेंद्र मीणा, थाना प्रभारी, कोतवाली धौलपुर

'विसरा रिपोर्ट में जहरीले पदार्थ से मौत की पुष्टि होने के बाद जांच की गई। जांच में मृतक की पत्नी और भांजे के बीच प्रेम संबंध सामने आए। दोनों ने पूछताछ में हत्या की साजिश रचने की बात स्वीकार की है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। '

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक अजय पाल मो. 9754915315 द्वारा ईशान ग्राफिक्स, 320-एम फर्स्ट अयोध्यानगरी, नंदानगर इन्दौर से मुद्रित एवं 268/2, मालवीय नगर, प्रेस कॉम्प्लेक्स के पीछे इन्दौर से प्रकाशित, संपादक-नितिन इंगले मो. 78289 18123, प्रबंध संपादक-संजयसिंह शिन्दे मो: 8818811336 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।